दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शनिवार 22 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 64 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

# 12 मार्च को अंतरिक्ष से आ रहा है ये दल विशेष रंग लेकर



दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








● नई दिल्ली। शनिवार 22 फरवरी-2025 | ● वर्ष: 10 अंक: 64 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3







# महाकुंभ : महाशिवरात्रि के अमृत स्नान की तैयारी में जुटी सरकार



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार आगामी 26 फरवरी को होने जा रहे महाशिवरात्रि के अंतिम महत्वपूर्ण स्नान की तैयारियों में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ नगर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि हम बेहतर यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन अंतिम स्नान के साथ ही सप्ताहांत यानी शनिवार-रविवार के लिए व्यवस्था कर रहे हैं। हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो।

**माहौल बिगाड़ने वालों पर योगी सरकार की नजर :** सोशल मीडिया पर महाकुम्भ को लेकर माहौल बिगाड़ने के कुत्सित प्रयास में लगे तत्वों पर भी योगी सरकार कड़ी नजर रख रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि हम लगातार इस पर नजर रख रहे हैं और हमने एफआईआर भी दर्ज की हैं। उन्होंने ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि अबतक पचास से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं।

**संगम घाटों का निरीक्षण :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने नाव से संगम घाटों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई की व्यवस्था को परखने के साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बता दें कि पवित्र मां गंगा,


संबंधित खबर, पृष्ठ 2


# बज गई शहर की सबसे पुरानी रामलीला कमेटी में चुनाव की रणभेरी

## आज वोटर लिस्ट चस्पा होने के बाद शुरू होगी नोमिनेशन की प्रक्रिया और 28 को होना है चुनाव






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिस रामलीला कमेटी के चुनाव को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे, जो कमेटी कालातीत चल रही थी अब उस कमेटी का चुनाव होगा।

चुनाव की घोषणा हो गई है। जिला पुष्ट अधिकारी राजेश तेवतिया को इस निर्वाचन का चुनाव अधिकारी बनाया गया है। 20 तारीख को वोटर को अंतिम वोटर लिस्ट जारी हुई थी और आज यानी 22 तारीख को दोपहर तीन बजे रामलीला कमेटी के हॉल में अंतिम वोटर लिस्ट चस्पा होगी। आपत्तियों का निस्तारण होगा और फिर आज ही दोपहर साढ़े तीन बजे से चुनाव लड़ने के लिये नामांकन फार्म का वितरण शुरू हो जाएगा।

कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरो बाबा ने बताया कि नोमिनेशन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 23 फरवरी शाम चार बजे तक है। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 24 फरवरी को दोपहर तीन बजे तक है। इसी दिन शाम पांच बजे उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट घोषित हो जाएगी।

28 फरवरी को सुबह 10 बजे से तीन बजे तक मतदान होगा। 28 फरवरी को ही सायं साढ़े तीन बजे से फाइनल रिजल्ट तक मतगणना होगी और शाम छह बजे के बाद चुनाव परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। ये चुनाव सात पदों के लिये होंगे। जिनके नाम वोटर लिस्ट में होंगे वही चुनाव में प्रतिभागी होंगे। चुनाव प्रक्रिया रामलीला कमेटी के हॉल में संपन्न होगी।

### वीरो बाबा का ऐलान मैं लड़ूंगा चुनाव

**करंट क्राइम।** कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरो बाबा ने एक बार फिर सहमति वाली बात दोहराई। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि सहमति बन जाए। जब करंट क्राइम ने उनसे पूछा की आप चुनाव लड़ेंगे तो उन्होंने कहा कि हां मैं चुनाव लड़ूंगा। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी तस्वीर पैनल गठित होने के बाद आएगी।

### चुनाव की होगी वीडियोग्राफी और पुलिस का रहेगा पूरा इंतजाम

**करंट क्राइम।** सुल्लामल रामलीला कमेटी के चुनाव एक लंबे समय के बाद हो रहे हैं। इसके चुनाव की प्रक्रिया टलती रही है। इस बार लिस्ट के नामों को लेकर भी विवाद है। किसी भी प्रकार की हाथापाई ना हो, विवाद ना हो और चुनाव की प्रक्रिया पारदर्शी हो, इसका इंतजाम किया गया है। मतदान और मतगणना की पूरी प्रक्रिया वीडियोग्राफी द्वारा रिकॉर्ड की जाएगी। हंगामा करने वाले लोगों के लिये पुलिस का इंतजाम रहेगा। ताकि किसी प्रकार का कोई विवाद या व्यवधान उत्पन्न ना हो। सभी निर्णय चुनाव अधिकारी के द्वारा लिये जाएंगे और सभी को इसकी सूचना समय पर दी जाएगी। किसी को कोई भी शिकायत या कोई भी जानकारी देनी है तो वह निर्वाचन अधिकारी से ले सकता है।

# पांच साल बाद हुई हिंडन एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक

## एयरपोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष अतुल गर्ग ने अधिकारियों के साथ की एयरपोर्ट संचालन पर विस्तार से चर्चा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पांच साल के बाद आखिर वो दिन आया जब गाजियाबाद में हिंडन एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता एयरपोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष तथा लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने की। पांच वर्ष में पहली बार आयोजित हुई इस बैठक में एयरपोर्ट के संचालन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने करंट क्राइम से बातचीत में इस महत्वपूर्ण बैठक को लेकर बात की। उन्होने कहा कि डीएम दीपक मीणा, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक व अन्य अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट संचालन के जिन विषयों पर चर्चा हुई उनमें पानी की निकासी, सीवर कनेक्शन तथा प्रकाश व्यवस्था प्रमुख थे।

सबसे अहम मुद्दा ये था कि फ्लाइट संचालन के साथ-साथ एयरपोर्ट की शहर से कनेक्टिविटी भी बढ़ाई जाएगी, ताकि लोग आसानी से यहां पहुंच सके। एयरपोर्ट सलाहकार समिति की इस बैठक में एक मार्च से शुरू होने वाली पूर्ण यात्री विमान संचालन सेवा पर चर्चा हुई। इस बैठक में पश्चिमी प्रबंधन, एयरपोर्ट रोड पर पूर्ण प्रकाश व्यवस्था, मुख्य मार्गों पर एयरपोर्ट दिशा सूचन बोर्ड की स्थापना तथा एयरपोर्ट रोड पर पुलिस की तैनाती भी शामिल है। इसके अतिरिक्त फ्लाइट संचालन के बारे में पब्लिक को पूरी जानकारी उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। एयरपोर्ट निदेशक उमेश यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि सभी बिंदुओं पर काम होगा।

### सलाहकार समिति के सदस्य संजीव मित्तल के प्रस्ताव को अतुल गर्ग ने किया अनुमोदित

पांच साल के बाद हो रही एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल भी मौजूद थे। इस बैठक में सलाहकार समिति के सदस्य संजीव मित्तल ने हिंडन एयरपोर्ट से उड़ने वाली फ्लाइट के किराये को लेकर सुझाव प्रस्तुत किये। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यूजर चार्ज कम है, जिससे फ्लाइट सस्ते दामों में उपलब्ध हो सकती है। जबकि बुकिंग साइट पर अधिक कीमतें देखी जा रही हैं। इस प्रस्ताव को समिति के अध्यक्ष लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अनुमोदित किया। सभी विषयों पर बिंदुवार चर्चा करते हुए एयरपोर्ट विस्तार के लिये आवश्यक सहायता और विमानन मंत्रालय से पत्राकार सुनश्चित करने का आश्वासन भी दिया गया।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने महाशिरात्रि पर्व के लिए किया दूधेश्वरनाथ मंदिर का निरीक्षण

### डीएम ने महंत नारायण गिरी से की मुलाकात और सहयोग का दिया आश्वासन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार की रात उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के अलग-अलग अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग की। जिसमें आने वाले महाशिवरात्रि पर्व की तैयारी और इंतजामों को लेकर दिशा निर्देश दिए गए, इसी का असर था कि शुक्रवार को जिलाधिकारी गाजियाबाद आईएएस दीपक मीणा और एडीएम सिटी गंभीर सिंह गाजियाबाद के प्राचीन दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पहुंचे।

उन्होंने यहां पहले पूजा-अर्चना की भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया और फिर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी से मुलाकात करते हुए शिवरात्रि महापर्व की तैयारियों पर चर्चा करने के बाद जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा है कि जल्द ही सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएगी और किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं रहने दी जाएगी।





### पार्किंग ,सफाई, लाइटिंग और गंगाजल का रहेगा प्रबंध



करंट क्राइम : जिलाधिकारी दीपक मीणा और एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने निरीक्षण करने के बाद यहां पर पर्याप्त रूप से पार्किंग की व्यवस्था, गंगाजल की उपलब्धता, लाइटिंग और साफ सफाई के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को भी मुहैया कराने का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही 24 से 26 फरवरी तक महाशिवरात्रि पर्व पर महाशिवरात्रि महोत्सव को भी सफलतापूर्वक करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि जल्द ही वह अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से भी निर्देश देंगे कि यहां पर किसी प्रकार की कोई कमी ना रहे, प्रशासन इस आयोजन को सफलतापूर्वक करने के सभी प्रयास करेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अजय चौपड़ा भी महंत नारायण गिरी के साथ मौजूद रहे।

# संगीत के वाद्य यंत्रों से सजाया गया मेरठ रोड तिराहा

# शहर की अलग पहचान बनेगा म्यूजिकल स्क्वायर

## नगर निगम के वेस्ट से बेस्ट प्रोजेक्ट पर आधारित है पार्क की थीम



### नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने की उद्घाटन कर शुरूआत



### महापौर सुनीता दयाल और पार्षदों ने भी किया है इसमें सहयोग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशन में जहां वेस्ट टू बेस्ट को लेकर अभियान चला रहा है। तो इसको और अधिक सफल बनाने के लिए अब मेरठ रोड तिराहे को नया रंग और रूप में विकसित और प्रदर्शित किया जा रहा है। मेरठ रोड का तिराहा अब म्यूजिकल स्क्वायर के नाम से नई पहचान पाएगा। यहां लोहे की पुरानी टंकी, पुराने टायरों और ऐसा सामान जो की कबाड़ के रूप में जमा था, उसे अलग-अलग सुंदर कलाकृतियां और आकृतियां प्रदान करते हुए अलग-अलग वाद्य यंत्रों से सजाया गया है।

यहां पुरानी पानी की टंकी से वीणा, मोरपंखी, बांसुरी, ढोल, सितार का स्टेचू बनाया गया है। या कहे तो अब गाजियाबाद को अयोध्या की वीणा चौक की थीम पर म्यूजिक स्क्वायर के रूप में नई पहचान दी जा रही है।



### शहर को अलग सुंदरता प्रदान करेगा मेरठ रोड पर बना निगम का म्यूजिकल स्क्वायर




करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा बताया गया है कि नगर निगम द्वारा रीसायकल करते हुए समान को रीयूज करने की मुहिम को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत पुराने लोहे-स्टील, मेटल और अन्य ऐसे सामान जो बेकार हो चुके थे, उनसे नए वाद्य यंत्र बनाए गए हैं। इसमें पानी की टंकी से वीणा, तबला, मोरपंखी, बांसुरी, ढोल और सितार का स्टेचू बनाया गया है। इसमें रंग बिरंगी लाइटिंग और ऐसी पेंटिंग की गई है जो दूर से ही बेहद आकर्षित और सुंदर नजर आ रही है। इसके जरिए नगर निगम गाजियाबाद में ट्रिपल आर मुहिम के तहत इसमें सक्षम फाउंडेशन द्वारा भी निगम को सहयोग किया गया है। गुरुवार को इसका निरीक्षण किया गया। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश उपाध्याय भी उपस्थित रहे।

### म्यूजिकल स्क्वायर की सुंदरता करेगी शहरवासियों को आकर्षित



करंट क्राइम : नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ बनाने की मुहिम के साथ सुंदरता प्रदान करने का भी अभियान शुरू कर दिया गया है। इसके तहत मेरठ रोड तिराहे को भारतीय संस्कृति के पुराने वाद्य यंत्रों की कलाकृति बनाकर सजाया गया है। इसे म्यूजिकल स्क्वायर का नाम दिया गया है। वहीं महापौर सुंनीता दयाल और नगर निगम के पार्षदों का भी इस अभियान को पूरा करने में बेहद सहयोग रहा है। तो वहीं अब यह शहर में आने और जाने वाले लोगों के लिए सेल्फी और वीडियो बनाने का नया प्वाइंट बनेगा। इसके साथ ही मेरठ , नोएडा व दिल्ली की ओर जाने वाले लोगों को लुभाने का भी काम करेगा। वहीं शाम होते ही यहां की रंग बिरंगी सतरंगी लाइटिंग लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगी। तो वहीं एलिवेटेड रोड और रैपिड व मेट्रो ट्रेन से गुजरने वाले लोगों को भी यह अपनी ओर आकर्षित करने का काम करेगा।

### नगर निगम शहर में अन्य चौराहों पर भी बनाएगी ऐसे थीम पार्क

करंट क्राइम : नगर निगम के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि आने वाले समय में शहर के प्रमुख चौराहों और ऐसे पॉइंट जो कई रास्तों को जोड़ते हैं, वहां इस तरीके के थीम पार्क विकसित किए जाएंगे। जो वेस्ट से बेस्ट तकनीक पर आधारित होंगे। इससे नगर निगम सुंदरता और स्वच्छता का संदेश देगा। इसके साथ ही यह हाइटेक सिटी को भी प्रदर्शित करने का एक अभियान रहेगा।

# महाशिवरात्रि के अमृत स्नान को लेकर अलर्ट मोड पर रेलवे

## आनंद विहार, नई दिल्ली, पटना जंक्शन, आरा, बक्सर, मुजफ्फरपुर समेत कई स्टेशनों पर बनाए होल्डिंग एरिया

### 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन अंतिम अमृत स्नान होगा

**प्रयागराज।** प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ अपने अंतिम चरण में है।26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन अंतिम अमृत स्नान होगा। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि करोड़ों की तादाद में श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचेंगे। बड़ी तादाद ऐसे श्रद्धालुओं की होगी जो ट्रेनों के माध्यम से प्रयागराज पहुंचेंगे और वहां स्नान करने के बाद ट्रेन से ही वापस लौटेंगे। ऐसे में भीड़ को कंट्रोल करने के लिए रेलवे ने कमर कस ली है।

महाशिवरात्रि के अमृत स्नान को लेकर रेलवे ने भी अपनी तैयारी की है। उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाये गए हैं। ये होल्डिंग एरिया प्लेटफॉर्म के बाहर स्थित हैं। ताकि यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और लोगों के हुजूम को रोकने में मदद मिल सके।

उत्तर रेलवे ने गाजियाबाद, आनंद विहार, नई दिल्ली, अयोध्या धाम में होल्डिंग एरिया बनाया है ।उत्तर रेलवे ने कुल 25889 वर्ग फीट क्षेत्र में होल्डिंग एरिया बनाए हैं।इसी तरह पूर्व मध्य रेलवे ने कुल 47,075 वर्ग फीट क्षेत्र में होल्डिंग एरिया बनाया है। पूर्व मध्य रेलवे ने राजेंद्र नगर टर्मिनल पर दो होल्डिंग एरिया बनाए हैं।वहीं पटना जंक्शन पर 2700 वर्ग फीट और 2700 वर्ग फीट, दानापुर में 2700 वर्ग फीट और 2400 वर्ग फीट के होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। इसके अलावा आरा, बक्सर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, बरौनी, समस्तीपुर, जयनगर, मधुबनी, रक्सौल, दरभंगा, सकरी, सहरसा, सासराम, पं. दीनदयाल उपाध्याय और गया में भी रेलवे की ओर से होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं।

वहीं पूर्वोत्तर रेलवे ने कुल 34050 वर्ग फुट क्षेत्र में होल्डिंग एरिया बनाया है। बनारस, सीवान, बलिया, देवरिया, छपरा और गोरखपुर में होल्डिंग एरिया बनाया गया है। इसके साथ ही उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत प्रयागराज जंक्शन पर 1,15,572 वर्ग फीट, नैनीः 1,14,495 वर्ग फीट, प्रयागराज छिवकीः छिवकीः 80729 वर्ग फीट,कुंभ क्षेत्र के एक हिस्से के रूप में, उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे ने प्रयाग जंक्शन पर 1,07,639 वर्ग फीट, फाफामऊ जंक्शनः 94,453 वर्ग फीट, झूसी मे 1,93,750 वर्ग फीट और प्रयागराज रामबागः 43055 वर्ग फीट में स्थायी/अस्थायी होल्डिंग एरिया भी बनाए हैं। कुंभ क्षेत्र में कुल 749693 वर्ग फीट क्षेत्र होल्डिंग एरिया के रूप में बनाया गया है।



### लगातार छठे दिन एक करोड़ श्रद्धालु

महाकुंभ और संगम के प्रति श्रद्धा अब भी उफान पर है। हर पग संगम की ओर चले आ रहे हैं। वहीं, फाल्गुन महीने में भी लगातार छठे दिन त्रिवेणी तट पर पुण्य की डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या एक करोड़ पार कर गई। वहीं, मेला प्रशासन का दावा है कि अब तक 58 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु पतित पावनी गंगा में स्नान कर चुके हैं।

### प्रयागराजः 58 करोड़ से अधिक श्रद्धालु कर चुके हैं अब तक त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान



**प्रयागराज :** आज महाकुंभ का 40वां दिन है। प्रयागराज महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। इन दिनों श्रद्धालुओं के आने से प्रयागराज में रेला अभी भी दिख रहा है। मेले के 39वें दिन 1.28 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में डुबकी लगाई। 20 फरवरी की रात 10 बजे तक 58 करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में पावन स्नान कर चुके हैं। केंद्रीय कारागार नैनी और जिला जेल में बंद 1450 कैदी शुक्रवार को जेल में ही पवित्र स्नान करेंगे। दरअसल, संगम से गंगा जल लाया गया है। इसे जेल में बने एक कुंड में डाल दिया गया है। इससे ही बंदियों को स्नान कराया जाएगा।

**राजेश अडानी पहुंचे प्रयागराजः** गौतम अडानी के भाई राजेश अडानी ने कहा, ?हमें बहुत अच्छे 'दर्शन' हुए। हम धन्य महसूस कर रहे हैं। प्रशासन बहुत अच्छा काम कर रहा है। हम पूरे परिवार के साथ यहां आए हैं और हम यहां आकर धन्य महसूस कर रहे हैं। हमने देश की समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

**प्रयागराज में भारी ट्रैफिक :** त्रिवेणी संगम में स्नान के लिए श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। महाकुंभ का आज 40वां दिन है। श्रद्धालुओं का संगम स्नान जारी है। शहर की सड़कों पर भारी ट्रैफिक देखने को मिल रहा है।

**1800 किलो वजनी कढ़ाई में दो लाख लोगों के लिए बना हलवा :** कुंभनगरी एक अनोखे रिकॉर्ड की भी साक्षी बनी। सेक्टर-1 स्थित विम बार के पंडाल में 1800 किलो वजन और साढ़े छह फीट ऊंची कढ़ाई में दो लाख लोगों के लिए दस हजार किलो हलवा बनाया गया। इसे दुनिया की सबसे बड़ी कढ़ाई के तौर पर दर्ज किया गया। इसमें तैयार हलवा करीब दो लाख श्रद्धालुओं के बीच वितरित हुआ।

### सॉल कॉन्क्लेव में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# राष्ट्र निर्माण के लिए देश के हर एक नागरिक का विकास जरूरी



स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप की स्थापना 'विकसित भारत' की यात्रा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पीएम नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सॉल लीडरशिप कॉन्क्लेव को संबोधित किया। कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास बहुत जरूरी है।

**हर क्षेत्र के लीडर्स का विकास जरूरी :** पीएम ने आगे कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में वहां के नेताओं का विकास बहुत जरूरी है। पीएम ने ये भी कहा कि फ्यूचर लीडर्स को बनाने के लिए भी उनके साथ काम करना और सही दिशा देना जरूरी है। मोदी ने कहा कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप की स्थापना 'विकसित भारत' की यात्रा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है बहुत जल्द स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप का विशाल परिसर बनकर तैयार हो जाएगा।

**मजबूत लीडरशिप पर भारत का भविष्य निर्भर :** पीएम ने कहा कि आने वाले समय में जब हम कूटनीति से टेक इनोवेशन तक एक नई लीडरशिप को आगे बढ़ाएंगे तो सारे सेक्टर्स में भारत का दबदबा कई गुना बढ़ेगा। मोदी ने कहा कि इसका मतलब है कि भारत का पूरा विजन और भविष्य एक मजबूत लीडरशिप पैदा करने पर निर्भर होगा।

**गुजरात लीडरशिप का बेहतरीन उदाहरण :** पीएम ने गुजरात और महाराष्ट्र के अलग होने की बात सुनाते हुए गुजरात को लीडरशिप का बेहतरीन उदाहरण बताया। पीएम ने कहा कि गुजरात जब अलग हुआ उसके पास कुछ नहीं था, लेकिन लीडरशिप ने सब काम कर दिया। पीएम ने कहा कि जब गुजरात अलग हो रहा था, तब हम छोटे थे और सोच रहे थे कि गुजरात के पास ना कोयला, न पानी। केवल नमक के अलावा कुछ नहीं है, ऐसे में महाराष्ट्र से अलग होकर कैसे आगे बढ़ेगा। मोदी ने कहा इसके बावजूद अच्छी लीडरशिप ने गुजरात को बेहतर राज्य बना दिया।

## पीएमश्री विद्यालय केवल नाम से ना हो बल्कि काम से भी पीएमश्री हों : अभिनव गोपाल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विकास भवन गाजियाबाद में शुक्रवार को जनपद के कुल चयनित 9 पीएमश्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और विषय शिक्षको के क्षमता संवर्धन के उद्देश्य से एक दिवसीय जनपदीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग से चयनित विद्यालयों की एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद ओम प्रकाश यादव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि पीएमश्री विद्यालय अपने ग्रीन स्कूल के रूप में, डिजिटल शिक्षा, आईसीटी लैब, लैंग्वेज लैब और इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में मॉडल विद्यालय बनेंगे। वह केवल नाम के ही पीएमश्री नहीं होंगे बल्कि काम से भी पीएमश्री होंगे। उन्होंने शिक्षकों का आवाहन किया कि वे इसे शिक्षकश्री स्कूल बनाएं क्योंकि इन विद्यालयों के शिक्षक अन्य विद्यालयों से खास होंगे। कार्यशाला में छात्रों के कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा विकास, गाइडेंस और काउंसलिंग, खान एकेडमी, बाल वाटिका, सामुदायिक सहभागिता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, ग्रीन स्कूल, बालिका शिक्षा और समावेशी शिक्षा आदि विषयों पर खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद, नोडल गाइडेंस एंड काउंसलिंग रजनी गौतम, एसआरजी देवांकुर भारद्वाज, विनीता त्यागी, पूनम शर्मा, डीसी दिनेश पाल, विश्वास गौतम और अजीत सिंह आदि वक्ताओं ने परियोजना प्रदत्त पीपीटी और विचारों को साझा किया। अंत में मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल जी द्वारा सभी वक्ताओं को भेंट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जीआईसी नंदग्राम के प्रधानाचार्य जयसिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार, कविता चौहान, महिमा दयाल, अभिषेक कुमार, डीसी रुचि त्यागी, अरविंद शर्मा व सभी पीएमश्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शिक्षक उपस्थित रहे। पीएमश्री नोडल खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीसी माध्यमिक, सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, एसआरजी, डीसी व शिक्षकों को धन्यवाद देने के साथ ही कार्यक्रम का समापन हो गया। कार्यशाला का कुशल संचालन एसआरजी पूनम शर्मा द्वारा किया गया।



### योगी सरकार का बजट जन कल्याणकारी : अनिल शर्मा

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश किया गया बजट प्रदेश को चहुंमुखी विकास की ओर ले जाने वाला बजट है। पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि इस बजट में सरकार द्वारा विकास, कृषि शिक्षा, चिकित्सा लेकर जो प्रावधान कर गए हैं। वह उत्तर प्रदेश के आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में बहुत ही उपयोगी एवं कारगर होगा। यह बजट उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश व बजट प्रदेश को विकास की बुलन्दी पर ले जायेगा । उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा जो बजट पेश किया गया है उस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि यह बजट उत्तर प्रदेश को विकास की बुलंदी पर ले जाएगा। यह बजट एक ऐतिहासिक बजट है 8.10 लाख करोड़ रुपए के इस बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। किसानों के लिए नई कृषि योजनाएं, शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक 55% वृद्धि और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ यह बजट उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। योगी सरकार ने 4 हाईवे दिए हैं। यह बजट सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का सच्चा उदाहरण है।

### उत्तर प्रदेश का चहोमुखि विकास वाला बजट : डॉ पी कुमार



गाजियाबाद करंट क्राइम। एसोचैम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ पी कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट सामाज के सातों सरोकारों को पूर्ण करता है। बजट मे जहाँ पर पूरे प्रदेश मे स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा से शहरो मे उद्योगीकरण को बड़ावा मिलेगा एवम शहर को तकनिकी रूप से सुद्दढ़ बनाने में सहायता मिलेगी। उद्योग कि प्रगति के लिए सरकार द्वारा बजट मे जो विशेष पैकेज का ऐलान किया है उससे उद्योग मे अच्छी सडको का एक जाल फेल जाएगा जिसे उद्योग मे माल लाने एवम लेजाने मे सुविधा एवम उद्योग क्षेत्र मे स्वच्छता एवम सफाई कि व्यवस्था बनी रहेगी। नए मेडिकल कॉलेज स्थापित होने से विधियार्थियो को नए डॉक्टर बनने मे सहयोग होगा एवम चिकित्सा क्षेत्र मे मुलभुत क्रांति उत्पन होगी। गाजियाबाद मे हरनन्दी पुरम विस्तार योजना को हरी झन्डी देने से गाजियाबाद जिले का चहोमुखि विकास होगा एवम इसके द्वारा रोजगार की उपलब्धता के साथ साथ लोगो का आवासीय समस्या भी दूर होगी। सरकार द्वारा पेश यह बजट प्रदेश के चहुंमुखी विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

# नगर आयुक्त ने सरकारी विभागों से वसूली की बनाई योजना

## हाउस टैक्स वसूली के लिए कमर्शियल भवनों को टारगेट करें अधिकारी : नगर आयुक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा हाउस टैक्स वसूली के लिए निरंतर टीम के साथ बैठक की जा रही है। वरिष्ठ प्रभारियों के साथ-साथ नगर आयुक्त जोनल प्रभारी, कर अधीक्षक, कर निरीक्षक व अन्य टीम से भी सीधी बात करते हुए हाउस टैक्स वसूली बढ़ाने के लिए मोटिवेट कर रहे हैं। कवि नगर जोन हाउस टैक्स वसूली में सबसे आगे चल रहा है। नगर आयुक्त द्वारा बैठक में सभी जोन को कमर्शियल भवनों को टारगेट करने के लिए कहा गया है। आवश्यकता पड़ने पर सीलिंग की कार्यवाही भी करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र तथा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव उपस्थित रहे। 21 फरवरी 2025 गाजियाबाद नगर निगम टैक्स विभाग द्वारा अभियान चलाते हुए तथा लक्ष्य पूर्ति को ध्यान में रखते हुए एक करोड़ 12 लाख की वसूली की गई है जिसमें सिटी जोन द्वारा 11 लाख कवि नगर द्वारा 8 मोहन नगर द्वारा 10 लाख तथा वसुंधरा द्वारा 75 लाख की वसूली की गई है। विजयनगर द्वारा 8 लाख की वसूली की गई है, वसुंधरा द्वारा बेहतर कार्यवाही की जा रही है। गाजियाबाद नगर निगम सरकारी विभागों से हाउस टैक्स वसूलने के लिए भी कार्यवाही कर रहा है जिसमें पुलिस विभाग, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट, डाकखाना, यूनानी, जिला उद्यान विभाग, सीबीआई विभाग का हाउस टैक्स जमा हो चुका है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, कलेक्ट्रेट ऑफिस, मानव संसाधन विभाग, मेट्रो रेल विभाग, सीपीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा हाउस टैक्स जमा किया जाना है जिसके लिए आवश्यक कार्यवाही गाजियाबाद नगर निगम कर रहा है। गाजियाबाद नगर निगम करदाताओं की सहूलियत के लिए लगातार कैंप भी लग रहा है 12% ब्याज से बचने के लिए 31 मार्च से पूर्व हाउस टैक्स जमा करने की अपील शहर वासियों से की जा रही है हाउस टैक्स वसूली की बढ़ती रफ्तार में निगम अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग मिल रहा है जो की सराहनीय है।

### एक्शन मोड में सीएम रेखा गुप्ता

# पीडब्ल्यूडी और जल बोर्ड की बुलाई बैठक



**नई दिल्ली।** 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है। गुरुवार को रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शालीमार बाग विधानसभा की विधायक रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इनके साथ ही दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पार्टी नेता प्रवेश वर्मा और आशीष सूद को भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलवाया। इनके अलावा भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। सिरसा ने पंजाबी में शपथ लिया। भाजपा विधायक रविन्द्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने भी दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली।

सीएम बनते ही रेखा गुप्ता एक्शन मोड में आ गई हैं। भाजपा ने दिल्ली में खराब सड़कों से लेकर स्वास्थ्य, यमुना की सफाई तक अपने वादों पर काम करना शुरू कर दिया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को समर्थकों से मुलाकात के दौरान आभार व्यक्त किया और कहा कि दिल्ली सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में ही आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दे दी गई, जिसे आम आदमी पार्टी सरकार ने रोक दिया था।

## जेएमएसआईटी में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जेएमएसआईटी गाजियाबाद में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर केनरा बैंक के सहयोग से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता का विषय 'भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी के प्रयास' था। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि, प्रख्यात साहित्यकार एवं शिक्षाविद् क. शर्मा ने उद्घाटन भाषण में हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अन्य भाषाओं की प्रतिस्पर्धा के बावजूद हिंदी का स्थान सर्वोपरि है।

केनरा बैंक, गाजियाबाद क्षेत्र के मंडल प्रबंधक, आशीष कुमार बाजपेई ने कहा कि बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। केनरा बैंक, राजनगर गाजियाबाद के मुख्य प्रबंधक, रवि रंजन कुमार ने संस्थान को धन्यवाद देते हुए इस कार्यक्रम को मातृभाषा के विकास में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। संस्थान के प्रधानाचार्य, प्रो. डॉ. प्रवीण गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की उन्नति में महिलाओं का योगदान हमेशा से महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने महिलाओं के प्रयासों को सराहते हुए कहा कि उनकी भागीदारी हर क्षेत्र में समान रूप से देखी जा सकती है। इस भाषण प्रतियोगिता में संस्थान के विद्यार्थियों ने विषय पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। केनरा बैंक द्वारा प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### वार्ड 72 सेक्टर 1 कामना वैशाली राधा कृष्ण पार्क की रंगाई पुताई के कार्य का शुभारंभ



गाजियाबाद करंट क्राइम। क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल के प्रयासों द्वारा शुरू करवाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ एसएन शर्मा एवं अवधेश मिश्रा द्वारा नारियल फोड़कर इस कार्य का शुभारंभ किया। पार्षद द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में लगातार विकास कार्य जारी है। इस अवसर पर भाजपा नेत्री विमला भट्ट, श्याम सुंदर सिंह, दुष्यंत गौतम, राज सिंह, सुरेश मुन्नी, राजकुमार, मंजू, शंभू साहित क्षेत्र के अन्य निवासी उपस्थित रहे।

## कुंभ स्नान से जरूरी गलत कार्यों के त्याग का संकल्प : राजेंद्र त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने बताया कि प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। ऐसे में लोग करोड़ों की संख्या में प्रतिदिन गंगा में डुबकी लगाकर अपने पापों से निजात पाना चाहते हैं लेकिन क्या यह संभव है कि कोई व्यक्ति पाप करने के बाद में गंगा में डुबकी लगाये और अपने पापों से मुक्त हो जाए। पाप से मुक्ति के लिए तो व्यक्ति को हाथ में गंगाजल लेकर गलत कार्यों के त्याग का संकल्प लेना चाहिए तभी मुक्ति संभव है। कुंभ में करोड़ों लोगों की भीड़ होने के कारण भगदड़ में हजारों लोगों की जान चली गई। सरकार भी मौत का आंकड़ा छिपा रही है। अगर महाकुंभ में डुबकी लगाने से ही सभी पाप से मुक्त हो सकते हैं तो सरकार को चाहिए कि जितने भी जिलों में कैदी कैद हैं उन सभी को जिलों से आजादी देकर महाकुंभ में गंगा में डुबकी लगवा देना चाहिए जिससे कि उनके सभी पाप कर्म दूर हो जाए। लोग स्थिति को समझ नहीं रहे हैं और लगातार वहां पर भीड़ बढ़ा रहे हैं। भीड़ के कारण आसपास के एरिया में भी कई किलोमीटर तक जाम लगे हुए हैं। ज्यादा भीड़ के कारण हादसे होना भी संभव ही है। ऐसे में लोगों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि गंगा में डुबकी लगाने से पापों का सफाया नहीं हो सकता। पापों से तो तभी बचा जा सकता है जब हम बुरे कार्यों को त्यागने का संकल्प लें।

**सम्बंध विच्छेद**

मैं सरोज पत्नी चरण सिंह, निवासी- म.नं.-254/22 लठ मार कॉलोनी, क्रिशचयन नगर, बागु हदबरसत ग्राम मवई परगना लोनी, गाजियाबाद ने अपने पुत्र धीरज व उसकी पत्नी वर्षा को लड़ाई-झगड़ा करने, दुर्व्यवहार करने व कहना न मानने से तंग व परेशान होकर उनसे अपने सभी संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम पुष्पेंद्र सक्सेना पुत्र सतीश सक्सेना से बदलकर प्रवीन कुमार पुत्र सतीश सिंह रख लिया है। सभी जरूरी दस्तावेजों में भी प्रवीन कुमार दर्ज है। भविष्य में मुझे प्रवीन कुमार पुत्र सतीश सिंह के नाम से ही जाना जाए। मेरा पता मकान नंबर सी-461 सी ब्लॉक गली नंबर 2 प्रताप नगर सबौली दिल्ली 1100093 है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 22 फरवरी -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# लगातार गरज रही है एमएलसी दिनेश गोयल की विधान परिषद में आवाज

## शत्रु सम्पत्ति का मामला उठाया सदन में और कहा-दोषी अधिकारियों के खिलाफ हो कार्यवाही

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एमएलसी दिनेश गोयल लगातार विधान परिषद में क्षेत्र के मुद्दों को उठा रहे हैं। वो जनमुद्दों पर जनता की आवाज बन रहे हैं। विधान परिषद में एमएलसी दिनेश गोयल ने शत्रु सम्पत्ति का वो मुद्दा उठाया है जिससे बजरिया के काफी लोग प्रभावित हैं। एमएलसी दिनेश गोयल ने गाजियाबाद के बजरिया मोहल्ले की 16 हजार गज जमीन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इसमें सभी हिंदू परिवार बसे हुए हैं और अब इन परिवारों को शत्रु सम्पत्ति विभाग द्वारा नोटिस जारी किये जा रहे हैं। लोगों के पास भूमि खरीद की मूल प्रतियां हैं, लेकिन उनकी भूमित को शत्रु सम्पत्ति घोषित करने का प्रयास किया जा रहा है। एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि 1947 में देश के बंटवारे के बाद यहां आकर बसे पंजाबी हिंदू परिवारों को उनकी पाकिस्तान की संपत्ति के क्लेम में बजरिया में संपत्ति प्राप्त हुई थी। इसी प्रकार मोदीनगर में भी 600 परिवारों की भी शत्रु संपत्ति होने की जांच की जा रही है। जबकि उन सभी 600 परिवारों के पास अपने क्लेम वाउचर हैं। इसके बावजूद जज, पटवारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उनको फर्जी कागज बताकर शत्रु संपत्ति बता रहे हैं। इस तरह से मनमानी कर रहे हैं, जिसके कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त है। एमएलसी दिनेश गोयल ने बिना देर किये लोकमहत्व के प्रश्न पर सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुए प्रदेश के शत्रु संपत्ति विभाग द्वारा बिना किसी रिकॉर्ड के आम जनता को बेघर करने के संबंध में जांच कराकर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की मांग की गई।



### विधान परिषद में उठाया श्मशान घाट की पर्ची का मामला

**करंट क्राइम।** एमएलसी दिनेश गोयल ने विधान परिषद में श्मशान घाट का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम के अंतर्गत आने वाले श्मशान घाटों को नगर निगम द्वारा संचालित किये हिंडन श्मशान घाट पर ग्रीन शवदाह जोन बनाया जा रहा है। उन्होंने कोरोना काल में चलाए गए शास्त्रीनगर श्मशानघाट, रजापुर श्मशान घाट, करहैड़ा श्मशान घाट तथा इंदिरापुरम श्मशान घाट का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ये समस्त श्मशान घाट निगम क्षेत्र में तो हैं किंतु नगर निगम द्वारा संचालित नहीं हैं। इन संचालित श्मशान घाटों को प्राइवेट लोगों के द्वारा सिर्फ लकड़ी बेचकर मुनाफा कमाने के लिये चलाया जा रहा है। दाहसंस्कार के उपरांत दाहसंस्कार की पर्ची नहीं दी जाती है। जिस कारण गाजियाबाद के इन श्मशान घाटों पर दाह संस्कार कराने वालों को पर्ची ना होने के कारण मृतक का मृत्युप्रमाण पत्र बनवाने के लिये नगर निगम का चक्कर लगाना पड़ता है।

### हिमांशु लव ने किया एमएलसी दिनेश गोयल का आभार व्यक्त



**करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को लेकर एक्टिव रहते हैं। वो पंजाबी समाज की आवाज को प्रमुखता से उठाते हैं। एक पंजाबी चैनल भी चलाते हैं। उन्होंने बीते दिनों बजरिया में शत्रु सम्पत्ति के मामले को उठाया था। उन्होंने कहा था कि इस नोटिस से लोग भयभीत हैं। वो पंजाबी समाज के इस मुद्दे को लेकर मुखर हैं। एमएलसी दिनेश गोयल ने जब शत्रु संपत्ति का मुद्दा विधान परिषद में उठाया तो पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने एमएलसी दिनेश गोयल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं पूरे पंजाबी समाज की ओर से एमएलसी दिनेश गोयल का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने पंजाबी समाज की इस समस्या को विधान परिषद में मजबूती के साथ उठाया है। जिसके बाद अब इस मामले पर आवश्यक कार्यवाही के आदेश हुए हैं। हिमांशु लव ने कहा कि शत्रु संपत्ति का मुद्दा उठाकर पंजाबी समाज के लोगों को नोटिस भेजे गए हैं। जिसके कारण लोग तनाव में हैं। उन्होंने कहा कि एमएलसी दिनेश गोयल का पूरा पंजाबी समाज आभार व्यक्त करता है। उन्होंने एक जनप्रतिनिधि के रूप में हमारी आवाज को मुखर तरीके से सरकार तक पहुंचाया है।

# राज नगर सेक्टर-1 में दिखा रहस्यमयी जानवर, वीडियो वायरल होने के बाद सहमे लोग

## वन विभाग खोज रहा है जानवर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को राजनगर सेक्टर-01 में बने आवासीय भवनों की छत पर एक रहस्यमयी जानवर को देखा गया है। अंधेरे में इसकी आकृति तेंदुए और भेड़िए जैसी प्रतीत हो रही है लेकिन अभी वन विभाग व अन्य टीमों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। हालांकि सोशल मीडिया पर इसकी वीडियो वायरल हो रही है। जिससे स्थानीय लोग डरे हुए हैं। उन्हें लग रहा है कि कहीं अगर यह तेंदुआ या कोई अन्य जंगली जानवर हुआ तो उनपर हमला भी कर सकता है।

### पहले भी मिला है कई बार राज नगर में तेंदुआ

**करंट क्राइम :** बता दें कि इससे पहले भी राजनगर इलाके में आवासीय कॉलोनी में तेंदुए को देखा गया था। तो वहीं गाजियाबाद की कचहरी में तेंदुए का कई घंटे और कई दिनों तक आतंक रहा था। राजनगर के साथ ही मसूरी, मोदीनगर, साहिबाबाद और भोजपुर इलाके में तेंदुए के देखे जाने की जानकारी आती रही हैं। तो बीते दिनों हिंडन एयर फोर्स स्टेशन से भी वन विभाग की टीम ने एक तेंदुए का रेस्क्यू किया था। कुल मिलाकर बता दें कि गाजियाबाद में कुछ दिन पहले ही मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में भी तेंदुए के देखे जाने की यूपी-112 कंट्रोल रूम पर सूचना मिली थी। हालांकि बाद में वह कहां गया इसकी पुष्टि नहीं हो पाई थी। बता दें की गाजियाबाद में समय-समय पर जंगली जानवर नजर आते रहते हैं। जिससे लोग भयभीत हो जाते हैं।

# उधर उठाई विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर ने अधिवक्ताओं की आवाज, इधर बार ने निरस्त की गई सदस्यता कर दी तत्काल बहाल

## बार एसोसिएशन ने जारी किया सदस्यता बहाली वाला पत्र और जताया विधायक का आभार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने विधानसभा में पश्चिम उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए सस्ता और सुलभ न्याय मिले, इसके लिए हाई कोर्ट बेंच की स्थापना के महत्वपूर्ण विषय को विधानसभा में रखा। तो उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की आवश्यकता है। उनका यह वीडियो उनके द्वारा खुद भी सोशल मीडिया पर डाला गया। जिसके बाद गाजियाबाद बार एसोसिएशन ने बैठक करते हुए लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर की सराहना की है। साथ ही उनके लिए आभार पत्र भी लिखा है। वहीं बीते कुछ माह पूर्व विधायक लोनी नंदकिशोर की बार एसोसिएशन गाजियाबाद द्वारा निरस्त की गई सदस्यता को भी दोबारा से बहाल कर दिया गया है। साथ ही बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने पत्र जारी करते हुए कहा है कि विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर ने अधिवक्ताओं के महत्वपूर्ण विषय को ना सिर्फ विधानसभा में महत्वपूर्ण ढंग से रखा है बल्कि वह लगातार अधिवक्ताओं के साथ और संघर्ष में भी नजर आते हैं, इसीलिए दोबारा से उनकी सदस्यता बहाल कर दी गई है।






### बार ने जारी किया आभार वाला पत्र

**करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित कुमार नेहरा ने हस्ताक्षर करते हुए आभार पत्र जारी किया है। जिसमें कार्यकारिणी की एक बैठक दीपक शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक के बाद हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की मांग का बड़ा मुद्दा विधानसभा में उठाए जाने पर लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर द्वारा अधिवक्ताओं के हितों को सर्वोपरि रखा गया। वीडियो को लेकर अधिवक्ताओं का कहना है कि उनकी जो वीडियो है वह अधिवक्ताओं के हित में है, इसलिए बार एसोसिएशन गाजियाबाद उनका धन्यवाद करती है और नंदकिशोर गुर्जर एडवोकेट विधायक लोनी से उम्मीद करती है कि वह इसी प्रकार से भविष्य में भी वह इसी तरीके के हितों में कार्य करते रहेंगे।

### कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और विधायक की सदस्यता कब होगी बहाल

**करंट क्राइम :** विधायक नंदकिशोर गुर्जर की जहां बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने सदस्यता बहाल कर दी है, तो अब सवाल उठ रहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप और मुरादनगर से विधायक अजीत पाल त्यागी की बार एसोसिएशन गाजियाबाद से समाप्त की गई सदस्यता कब बहाल होगी।

# अधिवक्ताओं ने छह सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

## बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने रखा शुक्रवार को कार्य बहिष्कार

### एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट में संशोधन की उठाई आवाज





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के बैनर तले शुक्रवार को गाजियाबाद के अधिवक्ता एक दिन की शांति पूर्वक हड़ताल पर रहे। इस दौरान बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियां और अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। साथ ही इसकी एक प्रति जिलाधिकारी कार्यालय में दी है। अधिवक्ताओं की छह सूत्रीय मांग हैं। जिसमें अधिवक्ता व उनके परिवार के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का प्रावधान किया जाए।

परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त कोई समाहित ना किया जाए। उसके लोकतांत्रिक स्वरूप को यथावत रखा जाए। परिषदों के सदस्य या अस्तित्व पर सुझाए गए संशोधन तुरंत समाप्त किए जाएं। बार एसोसिएशन गाजियाबाद मांग करती है कि प्रदेश के अधिवक्ताओं का 10 लाख का मेडिक्लेम व किसी अधिवक्ता की मृत्यु होने पर 10 लाख रुपए का बीमा हो। साथ ही यह भी पंजीकरण के समय प्रत्येक अधिवक्ता से लिया जा रहे 500 रुपये के स्टांप की रखी प्रादेशिक परिषद को वापस की जाए व राज्य सरकार द्वारा विधिक स्टांप की बिक्री से प्राप्त धानराशि का 2% व्यवस्थाओं की कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च किया, जैसा केरल सरकार द्वारा किया जा रहा है। नियम बताने का अधिकार पूर्व में जो एडवोकेट्स एक्ट में प्रावधानित था उसी को आगे रखा जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता बार एसोसिएशन गाजियाबाद के कार्यालय से एकत्रित होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और वहां ज्ञापन सौंपा।

### 25 को रहेगा प्रदेशभर में कार्य बहिष्कार

**करंट क्राइम :** बार अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नहरा ने जानकारी दी है कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने शांतिपूर्वक प्रदर्शन करते हुए, ज्ञापन सौंप है। तो वहीं इसके विरोध में और बदलाव किए जाने की मांग को बुलंद करते हुए बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के दिशा- निर्देश पर 25 फरवरी को प्रदेशभर में बार एसोसिएशन कार्य बहिष्कार करेगी। कार्य बहिष्कार के दौरान अधिवक्ता हड़ताल पर रहेंगे और शांति पूर्वक ढंग से धरना प्रदर्शन करेंगे। वहीं शुक्रवार को मुख्य रूप से चौधरी अजय वीर सिंह, रमेश यादव एडवोकेट, शबनम खान, सचिन गुप्ता, कपिल त्यागी मोरटा, संगीता, अनिल कुमार, मुकेश कुमार, सिद्धार्थ, संदीप सिंह और रोहित शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# मौसम बदलने से छिनैती और झपटमारी की वारदातों की बढ़ी 'गर्मी'

## अब दिन में चलाना होगा पुलिस को चेकिंग अभियान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते कुछ दिनों से तापमान में बदलाव आया है। सुबह सूरज निकलने के कुछ घंटे बाद ही दिन में मौसम गर्म हो जाता है और इस गर्मी के मौसम का असर क्राइम के ग्राफ पर पढ़ना शुरू हो गया है। बीते लगभग 20 दिनों के दौरान ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में झपटमारी और छिनैती की कई घटनाएं अलग-अलग जोन और थानाक्षेत्रों में हो चुकी हैं।

वहीं सिटी जोन में जहां लूट की एक बड़ी वारदात का अभी खुलासा होना शेष है। तो कवि नगर से लेकर विजयनगर और राजनगर एक्सटेंशन इलाके से लेकर इंदिरापुरम, कौशांबी और राजेंद्र नगर से लेकर शालीमार गार्डन में मोबाइल, कुंडल, चैन और पर्स लूट की घटनाएं तेजी से दर्ज होने लगी हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जैसे-जैसे गर्मी का मौसम बढ़ेगा झपटमारी की वारदातों में इजाफा भी होगा।

### 23 को होनी है लाइन में मीटिंग, मिल सकता है कई को अल्टीमेटम

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अधिकारियों का फोकस रहता है की क्राइम को कंट्रोल किया जाए और वारदातों में कमी लाई जाए। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि रविवार 23 फरवरी को पुलिस लाइन में सभी जोन की मीटिंग होनी है। जिसमें ई-सम्मन एप से लेकर क्राइम कंट्रोल के विषय पर अधिकारी सवाल उठा सकते हैं। वहीं कहा जा रहा है कि जिस तरह से मार्च से लेकर सितंबर के बीच में झपटमारी के अपराध में इजाफा हो जाता है तो उसकी रोकथाम व वारदातों में कमी लाने के लिए भी अधिकारियों की ओर से थाना प्रभारियों को किसी प्रकार का अल्टीमेटम भी दिए जा सकते हैं। वैसे देखना होगा कि मीटिंग में क्या मोड व मूड रहता है।

### बदलता है मौसम, तो बढ़ता है स्नैचिंग वाला क्राइम

**करंट क्राइम :** पुलिस के अधिकारी और क्राइम पर काम करने वाले पुलिसकर्मी बताते हैं कि स्नेचिंग का क्राइम मौसम बदलने के साथ बढ़ता है। अमूमन फरवरी और मार्च के महीने के बाद मौसम में दिन के समय गर्मी शुरू हो जाती है। जिस कारण यह होता है कि महिलाएं गले से शॉल, गर्म कपड़े और मफलर हटा देती हैं। उनकी चेन और कुंडल स्पष्ट नजर आते हैं, जिसपर झपटमार सीधे निशाना बनाते हैं। वहीं मोबाइल और पर्स लूट की घटनाओं में भी इस समय बढ़ोत्तरी होती है। लोग सड़कों पर निकलते हैं, तो दोपहर के समय भीड़भाड़ कम होती है और झपटमार इसका फायदा उठाते हुए वारदात को जमकर अंजाम देते हैं।

### दिन में बढ़ानी होगी पैदल गश्त और बढ़ाने होंगे चेकिंग पॉइंट

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में सोशल मीडिया सेल अधिकांश रात के समय की पुलिस चेकिंग और पैदल गश्त की फोटो जारी करती है लेकिन अब मौसम में परिवर्तन आ गया है। अब पुलिस के अधिकारियों को संबंधित थाना क्षेत्र में थाना प्रभारियों को निर्देश देना होगा कि वह दिन के समय पैदल गश्त करें और लूट वाले डार्क स्पॉट पर बैरियर लगाकर चेकिंग प्वाइंट बनाया जाए ताकि झपटमारों और संदिग्धों को रोका जा सके और वारदातों में भी कमी लाई जा सके।

# संगम के जल मे लगाई डासना जेल के कैदियों ने आस्था की डुबकी

## जेल सुपरिंटेंडेंट सीताराम शर्मा ने करवाया स्नान का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में हर कोई जाना चाहता है और वहां आस्था की डुबकी लगाना अभी की चाहत है। हर किसी की मंशा है कि वह प्रयागराज में संगम स्नान करें और पुण्य का भागीदारी बने लेकिन जेल में बंद 4000 कैदियों के लिए यह संभव नहीं था। यही असंभव सा दिखने वाला पुण्य कार्य गाजियाबाद डासना जेल के सुपरिंटेंडेंट सीताराम शर्मा ने पूरा करने का काम किया है। वह खुद बीते दिनों प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ में दर्शन के लिए गए थे। उन्होंने खुद वहां 4000 डुबकी लगाई और स्नान किया और फिर वहां से लौटे तो संगम का पवित्र जल लेकर आए और डासना जेल में बंद कैदियों के लिए जेल कलश में ही स्नान की व्यवस्था कराई गई। इसे आस्था का स्नान भी उन्हीं ने बनाने का काम किया है। शुक्रवार को डासना जेल में पूरे विधि-विधान, पूजन और मंत्रो उच्चारण की व्यवस्था की गई थी। पहले भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की गई, फिर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान मेरठ रेंज के डीआईजी जेल आईपीएस सुभाष चंद्र शाक्य भी उपस्थित रहे।

## चार हजार कैदियों ने किया त्रिवेणी के जल से स्नान








### जिनके लिए असंभव था स्नान, उन्होंने भी लगा ली संगम के जल में डुबकी

**करंट क्राइम :** प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है और इसको लेकर कहा जा रहा है कि यहां इस बार 144 साल पुराना ऐसा योग बन रहा है, जिसमें स्नान करने से तमाम तरीके के दोष और परेशानियां दूर होगी। यह तमाम लोगों के लिए असंभव था, खासतौर से डासना जेल में बंद बंदियों के लिए तो यह एक ऐसा सपना था, जिसे वह शायद ही पूरा करपाते लेकिन यहां के जेल सुपरिंटेंडेंट सीताराम शर्मा ने खुद संगम के त्रिवेणी घाट से जल लाकर यहां 4000 कैदियों को स्नान कराया है। उनको गंगा जल का आचमन करते हुए शुद्धिकरण कराया गया और पूजा पाठ का भी आयोजन किया गया। कुल मिलाकर जो चीज बंदियों के लिए असंभव थी, उसे संभव बनाने का काम डासना जेल के जेल सुपरिंटेंडेंट द्वारा कर दिया गया है।

### कलश स्थापना से लेकर गणेश पूजा तक का हुआ आयोजन

**करंट क्राइम :** शुक्रवार को डासना जेल के कैदियों के लिए आस्था के महत्व और विशेष व्यवस्था की गई कि वह संगम के त्रिवेणी घाट के जल से खुद का शुद्धिकरण करें। यहां प्रयागराज महाकुंभ को ध्यान में रखते हुए पहले कलश की स्थापना की गई। फिर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की गई और पूरे विधि विधान और मंत्रो उच्चारण के साथ जब कैदियों ने स्नान किया, तो यह लम्हा उनके लिए यादगार बन गया।

## संपादकीय

# भारत पर कम असर

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत पर अमेरिकी उत्पादों पर उच्च टैरिफ लगाने का आरोप लगाया है और इसे लेकर सख्त रुख अपनाने की बात कही है। हालांकि, व्यापार घाटे के आंकड़े अन्य देशों की तुलना में कम हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्यत घरेलू मांग पर निर्भर है, जिससे इसका प्रभाव कम होने की संभावना है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने फिर कहा है कि भारत अमेरिकी प्रॉडक्ट्स पर सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में शामिल है और वह इस मामले में जैसे को तैसा की नीति पर कोई समझौता नहीं करने वाले। हालांकि उनके इस रुख पर कई वजहों से सवाल उठ रहे हैं, लेकिन अगर उनकी यह नीति बिना संशोधन या अपवाद के अमल में आती है तो भी जानकारों के मुताबिक भारत के लिए ज्यादा चिंता की बात नहीं है। व्यापार घाटे का मसला ट्रंप का व्यापार घाटे के सिलसिले में बार-बार भारत का नाम लेना थोड़ी हैरत इसलिए पैदा कर रहा है क्योंकि वास्तविक आंकड़ा अन्य कई देशों के मुकाबले काफी कम है। हालांकि, अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है, लेकिन दोनों देशों के बीच व्यापार घाटे की राशि 2024 में 35.3 बिलियन डॉलर दर्ज की गई थी, जो भारत की ओर झुकी थी। वियतनाम, ताइवान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों को यह पॉलिसी ज्यादा नुकसान पहुंचा सकती है, जो अमेरिकी व्यापार घाटे में ज्यादा बड़ा योगदान करते हैं।

घरेलू मांग भारत के पक्ष में सबसे बड़ी बात यह है कि इसकी इकॉनमी आज भी मुख्यतया घरेलू डिमांड से संचालित होती है। दूसरी बात यह कि अमेरिका में भारत के निर्यात का ज्यादा बड़ा हिस्सा सर्विस सेक्टर (जैसे- इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलजी सेवाएं) से जुड़ा है, जो फिलहाल ट्रंप प्रशासन के निशाने पर नहीं है। ऐसे में अगर विभिन्न उत्पादों पर टैरिफ के मामले में सख्त रवैया अपनाया भी जाता है तो अन्य देशों के मुकाबले भारत पर इसका प्रभाव काफी कम होगा।

दवा क्षेत्र पर निगाहें दवा क्षेत्र को लेकर जरूर थोड़ी चिंता दिख रही है। भारत को दवाओं के निर्यात से जो आमदनी होती है, उसमें अमेरिका का योगदान 30% से अधिक है। भारत से वहां सस्ती जेनेरिक दवाएं भेजी जाती हैं, जिनकी बदौलत अमेरिकी लोगों के इलाज का खर्च कम होता है। ऐसे में अगर इन पर टैरिफ बढ़ाया जाता है तो वहां के लोगों को नुकसान होगा। जल्दबाजी न करें जाहिर है, भारत के लिए इस मामले में जल्दबाजी करने की कोई जरूरत नहीं है। वैसे भी, इस मामले में अभी बहुत सी चीजें साफ नहीं हैं। ट्रंप रोज ही टैरिफ को लेकर कुछ न कुछ बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन अमेरिका किन फैसलों को लागू करता है, बहुत सारी बातें उससे तय होंगी। बड़ी बात यह भी है कि अगर ट्रंप ने जवाबी टैरिफ की नीति पर अमल किया तो इससे अमेरिकी इकॉनमी को तो नुकसान होगा ही, वैश्विक ग्रोथ में भी कमी आएगी यानी इससे किसी का भला नहीं होगा।

# लगातार चौथे दिन टूटा बाजार, सेंसेक्स 424 अंक गिरा, निफ्टी 22800 के नीचे फिसला




**नई दिल्ली।** शुक्रवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए, जिससे लगातार तीसरे सप्ताह भी गिरावट जारी रही। बाजार में गिरावट हैवीवेट वित्तीय और ऑटोमोबाइल शेयरों में कमजोरी के कारण दिखी। अमेरिकी टैरिफ से जुड़ी चिंताओं के कारण निवेशकों की धारणा कमजोर बनी हुई है। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 424.90 अंक या 0.56 प्रतिशत गिरकर 75,311.06 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 623.55 अंक या 0.82 प्रतिशत गिरकर 75,112.41 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 117.25 अंक या 0.51 प्रतिशत गिरकर 22,795.90 पर आ गया। बीते चार कारोबारी दिनों में बीएसई का सूचकांक 685.8 अंक या 0.90 प्रतिशत गिरा, जबकि निफ्टी 163.6 अंक या 0.71 प्रतिशत गिरा। ऑटो शेयरों और विदेशी फंडों की लगातार निकासी के कारण शुक्रवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। कमजोर अमेरिकी बाजार और टैरिफ की धमकियों ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, वास्तव में, स्थानीय बेंचमार्क ने एशियाई और यूरोपीय दोनों सूचकांकों की तुलना में कम प्रदर्शन किया, जिनमें उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। धातुओं को छोड़कर, घरेलू बाजारों में गिरावट का कारण बैंकिंग, आईटी, दूरसंचार, ऑटो, रियल्टी और तेल एवं गैस शेयरों में कमजोरी थी। एफआईआई ने गुरुवार को 3,111.55 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 3,311.55 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार में व्यापक आधार पर कमजोरी जारी रही, जिसका मुख्य कारण एफओएमसी की बैठक के आक्रामक रुख को लेकर निवेशकों की चिंता थी, जिसमें ब्याज दरों में लंबे समय तक वृद्धि का संकेत दिया गया था, जिससे उभरते बाजारों में तरलता बाधित हो सकती है।

उन्होंने कहा, हालांकि बाजार में स्वस्थ सुधार हुआ है, लेकिन कॉर्पोरेट आय में क्रमिक सुधार और टैरिफ से संबंधित जारी जोखिमों के कारण मूल्यांकन के स्तर पर संदेह बना हुआ है, खासकर व्यापक बाजार में। भारत फिलहाल अपने एशियाई समकक्षों से पीछे है, क्योंकि एफआईआई का बहिर्वाह उच्च बना हुआ है, और भारत बेचो, चीन खरीदो₹ की रणनीति फिलहाल लाभ दे रही है। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोपीय बाजार ज्यादातर बढ़त पर बंद हुए। गुरुवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.59 प्रतिशत गिरकर 76.05 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### सेंसेक्स के टॉप गेनर्स और टॉप लूजर्स शेयर ये रहे

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से महिन्द्रा एंड महिन्द्रा में 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, पावर ग्रिड, जोमैटो, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट भी पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक और एनटीपीसी लाभ में रहे।

# भारत और ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर फिर शुरू करेंगे बातचीत

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन लंबे समय से अधर में पड़े मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ब्रिटेन के व्यापार मंत्री डगलस अलेक्जेंडर के अगले सप्ताह भारत आने और केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात कर सकते हैं। दोनों नेता एफटीए वार्ता में तेजी लाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। एफटीए पर भारत और ब्रिटेन के बीच बातचीत लंबे समय से बंद है। इस व्यापार समझौते का उद्देश्य टैरिफ को कम करके और व्यवसायों के लिए बाजार पहुंच को आसान बनाकर दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ाना है।




भारत और यूके एक व्यापक व्यापार सौदे की दिशा में काम कर रहे हैं जो प्रमुख क्षेत्रों जैसे माल, सेवाओं, प्रौद्योगिकी और निवेश में आर्थिक सहयोग को बढ़ावा दे सकता है। अलेक्जेंडर और गोयल के बीच आगामी बातचीत में प्रमुख चिंताओं को संबोधित करने और वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए सामान्य आधार खोजने की उम्मीद है।

ब्राजील में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने 2025 में यूनाइटेड किंगडम और भारत के बीच एफटीए वार्ता को फिर से शुरू करने की घोषणा की। इससे पहले 22 नवंबर को, यूके-इंडिया बिजनेस काउंसिल (वङक्हउ) के अध्यक्ष रिचर्ड हील्ड ने कहा कि भारत और यूके के बीच ऋ्छअ में व्यवसायों और द्विपक्षीय व्यापार के लिए परिवर्तनकारी क्षमता है। उन्होंने कहा कि ऋ्छअ दोनों देशों के बीच आवागमन को आसान बनाकर एक अंतर पैदा करेगा।

# ब्याज दरों पर आरबीआई के फैसले से बैंकों पर बढ़ सकता है मार्जिन

**नई दिल्ली।** भारतीय बैंकों को अपने शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) पर नए सिरे से दबाव का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से पांच वर्षों में पहली बार अपनी बेंचमार्क दर में कटौती करने के फैसले के बाद बैंकों की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। एसएंडपी कैपिटल आईक्यू के अनुसार, छह सबसे बड़े निजी और सरकारी स्वामित्व वाले बैंकों का शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) तनाव में है। हालांकि, मजबूत ऋण मांग ने इन बैंकों को विकास बनाए रखने में मदद की है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस डेटा के अनुसार, वित्त वर्ष 24 की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में, छह प्रमुख बैंकों में से पांच ने 12 प्रतिशत से अधिक की ऋण वृद्धि देखी, जिससे उनकी शुद्ध आय सालाना आधार




पर बढ़ी। 27 जनवरी को, आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली को समर्थन देने के लिए लिक्विडिटी बढ़ाने के उपायों की शुरूआत की और बाद में 7 फरवरी को अपने बेंचमार्क रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती करके इसे 6.25 प्रतिशत कर दिया। नोमुरा के विश्लेषकों को 2025 में दरों में और कटौती की उम्मीद है, अगली कटौती अप्रैल में होने की उम्मीद है। उन्हें 2025 के अंत तक 5.50 प्रतिशत की टर्मिनल दर का अनुमान है। सख्त तरलता स्थितियों के कारण जमा दरें उच्च बनी हुई हैं। दूसरी ओर, लोन लेने वाले कम ब्याज दरों की ओर जाने का रुख करेंगे जिससे बैंकों पर दबाव पड़ने की उम्मीद है। इससे बैंकों के मार्जिन पर दबाव पड़ेगा। देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने अपने एनआईएम को 17 आधार अंकों से कम करके तीसरी तिमाही में 2.86 प्रतिशत रहने की बात कही है। हालांकि, एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसार, एसबीआई की ऋण वृद्धि साल दर साल 14 प्रतिशत पर मजबूत रही। मुख्य रूप से खुदरा, कृषि और एमएसएमई ऋणों के साथ-साथ कॉर्पोरेट ऋण में सुधार से प्रेरित थी। जबकि भारतीय बैंकों ने अपनी ऋण पुस्तकों का विस्तार किया है।

# हम भारत को 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए राज्यों से मिलकर काम कर रहेः पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार भारत को 2047 तक 30-35 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को यह दावा किया। वाणिज्य व उद्योग मंत्री ने यहां इन्वेस्ट केरल ग्लोबल समिट (आईकेजीएस) में निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास किया और कहा कि वे जल्द ही बहरीन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू करेंगे।

गोयल ने कहा कि देश में विकास, प्रगति और आर्थिक अवसरों के लिए बेजोड़ अवसर₹ हैं। गोयल ने जोर देकर कहा, हम सभी राज्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि देश की अर्थव्यवस्था को वर्तमान 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से 2047 तक 30-35 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक ले जाया जा सके। भाजपानीत केंद्र सरकार और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) नीत केरल सरकार के बीच विभिन्न मुद्दों पर मतभेद हैं।

इस पृष्ठभूमि में गोयल ने कहा कि वह केरल के साथ एकजुटता दिखाने के लिए यहां आए हैं और उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में राज्य द्वारा की गई विभिन्न प्रगति का भी उल्लेख किया। उन्होंने निवेशकों से केरल और देश में निवेश करने का आग्रह करते हुए कहा, आइये और निवेश के फल का आनंद लें। दो दिवसीय निवेशक शिखर सम्मेलन में लगभग 3,000 प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी।
- टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने 'टॉमटाटो' का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर ग्लासहाउस में उगाए जाते हैं। दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।
- चीन टमाटर का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो साल 2009 में दुनिया के उत्पादन के एक चौथाई हिस्से के लिए जिम्मेदार है। संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत क्रमशः दूसरे और तीसरे उच्चतम उत्पादक हैं।

## राशिफल

**मेषः** आज दिन की शुरूआत अच्छी होगी। छात्रों को आज कोई शुभ सूचना मिलने वाली है, जिससे करियर में बदलाव आयेगा।

**वृषः** आज कुछ भी हो अपने कार्यालय व सार्वजनिक स्थान पर झगड़ा करने से बचें। बस गुस्से पर काबू रखें और परेशानी से बचें। आपके कार्य की सराहना होगी।

**मिथुनः** आज आप में से कुछ की रचनात्मकता चरम सीमा पर होगी। धन संबंधी मामलों को समझदारी से निपटाया जाना चाहिए।

**कर्कः** आज का दिन लाभ देने वाला है। इस राशि के लोगों को आज धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा।

**सिंहः** आज कोई भी फैसला हड़बड़ाहट में न लें। आप आत्मविश्वास से भरा हुआ महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको भाई-बहनों के द्वारा मदद मिलेगी।

**कन्याः** आर्थिक रूप से आप अच्छा करेंगे और कुछ महंगी चीजें की खरीदारी भी कर सकते हैं। भूमि में निवेश भी संभव है। व्यावसायिक रूप से दिन शुभ है।

**तुलाः** आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। आज आपको किसी अपने से धन की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिकः** आज यात्रा कर रहे हैं तो आपको अपने सामान की अतिरिक्त सुरक्षा करने की जरूरत है। विरोधी व प्रतिद्वंदी नरम पड़ेंगे। धन, यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

**धनुः** आज आय अच्छी रहेगी किन्तु बेकार की गतिविधियों पर अंकुश लगाना आपके लिए श्रेयकर रहेगा।

**मकरः** आज आपका दिन उत्साह पूर्ण रहेगा। आज आपका समय दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ बितेगा, जिससे आपके रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी।

**कुंभः** अगर आज आप कामकाज के लिए जरूरत से ज्यादा दबाव बनाएंगे तो लोग भड़क सकते हैं। सेवा का प्रतिफल मिलेगा। आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**मीनः** वित्तीय रूप से दिन काफी शुभ है और कुछ महत्वपूर्ण लाभ प्राप्ति भी संभव है। उद्यमी और व्यवसायी एक नए संघ या साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं।

## चुटकुले

दामाद अपने ससुराल में गुरुजी का प्रवचन सुनने गया
गुरुजी बोले- जो स्वर्ग जाना चाहता है, वह अपना हाथ ऊपर करो
उसकी सास और बीवी ने हाथ उठाया, मगर दामाद ने नहीं उठाया
गुरुजी ने दामाद से पूछा -क्या तुम स्वर्ग नहीं जाना चाहते?
उसने जवाब दिया- बस ये दोनों चली जाएं तो मेरे लिए यहीं स्वर्ग बन जाएगा
गुरुजी ने चरण स्पर्श किए और दी समझदारी की दाद!

---

लड़की का एक्सीडेंट हो गया।
डॉक्टर - आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की - क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर - नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की - ओह! नो अब मैं क्या करूंगी?
डॉक्टर - धीरज रखिए... ईश्वर सब ठीक करेगा।
लड़की - अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। दरअसल, मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- बिका माल वापस नहीं होगा।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# भारत राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी का इच्छुक

## बाहर किए गए खेलों को दोबारा शामिल करने पर भी रखी राय

**नई दिल्ली।** भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का इच्छुक है और 2026 में ग्लास्गो खेलों से बाहर किए गए सभी खेलों का आयोजन भी यहां कराने के लिये तैयार है ताकि देश की पदक तालिका पर असर नहीं पड़े। खेल मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने कहा, 'हम राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी के इच्छुक हैं और इस मसले पर राष्ट्रमंडल खेल महासंघ से औपचारिक बात हो चुकी है । हमने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर किये गए सभी खेलों का आयोजन भारत में कराने का भी अनौपचारिक प्रस्ताव रखा है।'



ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों से हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे खेल बाहर किये जाने से भारत की पदक उम्मीदों को झटका लगा है। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बजट में कटौती के लिये सिर्फ दस खेल शामिल किये गए हैं। सूत्र ने कहा, 'हमने यह प्रस्ताव इसलिये रखा है ताकि हमारे पदकों की संख्या पर असर नहीं पड़े। अनौपचारिक प्रस्ताव रखा जा चुका है और हमें जवाब का इंतजार है।'

ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित किये जाएंगे। हाल ही में भारत का दौरा करने वाली राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की सीईओ कैटी सेडलेयर ने कहा था कि ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की आकांक्षाओं को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से बल मिलेगा। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी का आशय पत्र पहले ही सौंप चुका है। भारत में एकमात्र राष्ट्रमंडल खेल दिल्ली में 2010 में आयोजित हुए थे।

## खेल मंत्रालय का बड़ा फैसला

# चयन ट्रायल कैमरे के सामने होंगे, साइ के अधिकारी भी होंगे मौजूद



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा अंतरराष्ट्रीय टूनामेंटों के लिए भारतीय टीम के चयन में पारदर्शिता लाने की कवायद में सभी चयन ट्रायल अब कैमरे के सामने होंगे जिसमें खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद होंगे। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

पिछले कुछ समय में चयन से जुड़े मसलों के अदालत तक जाने के मद्देनजर खेल मंत्रालय ने मेरिट के आधार पर

### चयन और पारदर्शिता लाने के लिए खेल मंत्रालय ने लिया बड़ा निर्णय

चयन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह फैसला लिया है। सूत्र ने कहा- अक्सर यह देखा जाता है कि चयन मामलों को लेकर विवाद होते हैं और वे अदालत तक जाते हैं जिससे खिलाड़ियों पर असर पड़ता है। इसलिये हमने अब से सारे चयन ट्रायल कैमरे के सामने पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में कराने का फैसला लिया है। चयन प्रक्रिया के दौरान मंत्रालय और साइ के अधिकारी मौजूद होंगे।

### महासंघों के लिए होगी ये सुविधा

सूत्र ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय खेल महासंघों और खिलाड़ियों के बीच समन्वय को बढावा देने के लिए दिल्ली के विभिन्न स्टेडियमों में महासंघों को कार्यालय खोलने के लिए जगह दी जाएगी।

# क्रिकेटर युजवेंद्र चहल-धनश्री वर्मा का तलाक हुआ: 18 महीने से अलग रह रहे थे; दिसंबर 2020 में हुई थी शादी

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा का तलाक हो गया है। कानूनी कार्यवाही पूरी करने के बाद दोनों ने आधिकारिक तौर पर अलग होने का फैसला किया है। मामले से परिचित एक वकील ने बताया गुरुवार को बांद्रा फैमिली कोर्ट में अंतिम सुनवाई और सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी हुईं, जिसमें दोनों सुबह 11:00 बजे से मौजूद थे।

रिपोर्ट के अनुसार, सुनवाई के दौरान जज ने इस कपल को काउंसलिंग सेशन में शामिल होने का निर्देश दिया, जो करीब 45 मिनट तक चला। जज के पूछे जाने पर चहल और धनश्री दोनों ने पुष्टि की कि वे आपसी सहमति से तलाक चाहते हैं। बांद्रा फैमिली कोर्ट में चर्चा के बाद जज ने शाम 4:30 बजे आधिकारिक तौर पर तलाक को मंजूरी दे दी। युजवेंद्र और धनश्री की शादी 11 दिसंबर 2020 को हुई थी। दोनों 18 महीने से अलग रह रहे थे वकील ने यह भी खुलासा किया



कि अंतिम फैसला लेने से पहले दोनों पिछले 18 महीनों से अलग रह रहे थे। चहल और उनकी पत्नी धनश्री के तलाक की अफवाहें काफी समय से सोशल मीडिया पर चल रही थीं। हालांकि, चहल और धनश्री का अभी तक ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है।

झलक दिखला जा-11 शो में लव स्टोरी सुनाई थी धनश्री वर्मा ने झलक दिखला जा-11 के एक एपिसोड के दौरान युजवेंद्र चहल के साथ अपनी लव स्टोरी के बारे में खुलासा किया था। उन्होंने बताया कि कैसे चहल ने लॉकडाउन के दौरान उनसे डांस सीखने के लिए संपर्क किया था।

# एनईसी शो जंपिंग में तेजस ढींगरा ने खिताब का बचाव किया

## 16 अंकों के साथ जीत सुनिश्चित की



**मेरठ।** बीया राइडिंग फैसिलिटी के तेजस ढींगरा ने रविवार को मेरठ की मोदी घुड़सवारी अकादमी में आयोजित राष्ट्रीय घुड़सवारी चैंपियनशिप (शो जंपिंग) 2024-25 में जीत के साथ अपने राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। ढींगरा ने चैंपियनशिप टूर में 16 अंकों के साथ अपनी जीत सुनिश्चित की। वह टार्क घुड़सवारी सेंटर के अमर सरीन और ईजीसी स्टेबल्स के आश्रय बुट्टा से आगे रहे, जिन्होंने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया।

टार्क घुड़सवारी सेंटर के यशान जुबिन खंबाटा के लिए यह दोहरी खुशी का क्षण था, जिन्होंने नोविस और मीडियम दोनों टूर में जीत हासिल की। सेहज सिंह विर्क और अभिषेक चोपड़ा ने मीडियम टूर में दूसरा स्थान साझा किया, जबकि नारायण सिंह नोविस टूर के लिए यशान के साथ पोडियम पर शामिल हुए। वहीं, शनिवार को प्रीलिमिनरी टूर व्यक्तिगत फाइनल में मोदी घुड़सवारी स्टेबल्स के अविक भाटिया ने 31.02 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।

# कतर ओपन में बड़ा उलटफेर, कार्लोस अल्काराज को जिरि लेहेका ने हराया



**स्पेन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को इस साल की दूसरी पराजय का सामना करना पड़ा जब 25वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने उन्हें कतर ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में 6-3, 3-6, 6-4 से हराया। स्पेन के 21 वर्ष के अल्काराज को 2025 में आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में नोवाक जोकोविच ने हराया था । इस महीने की शुरूआत में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ने रोटरडम ओपन जीता था। अल्काराज ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैंने अपनी टीम और कोच से बात की है। मुझे नहीं पता कि कहां कमी रह गई। उसने शानदार खेल दिखाया और उसे श्रेय दिया जाना चाहिए।' अब लेहेका का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर से होगा जिन्होंने मात्तेओ बेरेतिनी को 4-6, 6-4, 6-3 से हराया। इससे पहले पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव ने दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनाउर को 6 -1, 3-6, 7-6 से परास्त किया। अब वह कनाडा के फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से खेलेंगे।

# लाइव मैच में हाथ जोड़कर माफी मांगने लगे रोहित शर्मा

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम और उसके प्रशंसकों को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में कप्तान रोहित शर्मा से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। उनके बल्ले से बड़े स्कोर निकलेंगे तो टीम इंडिया की खिताब जीतने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। हालांकि, सिर्फ बल्लेबाजी ही नहीं, बल्कि कप्तानी में भी रोहित को अपनी दक्षता साबित करनी होगी। लेकिन टूनामेंट की शुरूआत में ही उनकी फील्डिंग की एक बड़ी गलती चर्चा का विषय बन गई, जिसके कारण उन्हें मैदान पर ही हाथ जोड़कर माफी मांगनी पड़ी।

चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले मुकाबले में भारत का सामना बांग्लादेश से हुआ। इस मैच में भारतीय टीम की फील्डिंग के दौरान एक ऐसा वाकया हुआ, जिसने सभी को चौंका दिया। यह घटना बांग्लादेश की पारी के नौवें ओवर में घटी, जब अक्षर पटेल गेंदबाजी कर रहे थे। अक्षर ने इस ओवर में लगातार दो गेंदों पर दो विकेट चटकाकर भारत को मजबूत स्थिति में ला खड़ा किया था।

# अफगानिस्तान के पुरुष क्रिकेटरों को बहिष्कार करने की मांग, कप्तान शाहिदी बोले- हमने नहीं दी तवज्जो




**अफगानिस्तान।** कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के अपनी टीम के पहले मैच की पूर्व संध्या पर अफगानिस्तान के क्रिकेट मुकाबलों के बहिष्कार की राजनीतिक मांग को तवज्जो नहीं दी। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के राजनेताओं ने तालिबान द्वारा महिलाओं के खेल पर प्रतिबंध और महिलाओं के अधिकारों के हनन के कारण अपने क्रिकेट अधिकारियों से अफगानिस्तान के खिलाफ चैंपियन्स ट्रॉफी के ग्रुप मुकाबलों में नहीं उतरने का आग्रह किया। दक्षिण अफ्रीका के खेल मंत्री गेटन मैकेंजी ने कहा कि अगर अंतिम फैसला उनका होता तो दक्षिण अफ्रीका-अफगानिस्तान मैच रूप से नहीं होता। अफगानिस्तान को शुक्रवार को कराची में दक्षिण अफ्रीका से खेलना है जबकि अगले बुधवार को लाहौर में टीम इंग्लैंड से भिड़ेगी।

शाहिदी ने कहा, 'एक खिलाड़ी के तौर पर हमारा काम क्रिकेट खेलना है और हमें इस बात की परवाह नहीं है कि क्रिकेट के बाहर क्या हो रहा है।' उन्होंने कहा, 'हम केवल मैदान के अंदर की चीजों को नियंत्रित करते हैं इसलिए यह हमारा काम है और अन्य चीजें हमें दबाव में नहीं डाल सकतीं।'

# बाल-बाल बचे सौरव गांगुली, बर्धमान के पास लॉरी के अचानक आगे निकलने से हुआ हादसा

**मुंबई।** भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली बाल बाल बच गए। उनकी कार सड़क हादसे का शिकार हो गई। यह हादसा तब हुआ जब वह बर्धमान में एक समारोह में भाग लेने के लिए जा रहे थे। गुरुवार को एक लॉरी के अचानक उनकी कार से आगे निकलने की वजह से यह हादसा हुआ, लेकिन गांगुली को कोई चोट नहीं आई है। गनीमत रही कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। हालांकि, गांगुली के काफिले की दो कारों को मामूली नुकसान पहुंचा है।

### दंतनपुर के पास हुआ हादसा

दरअसल, गांगुली की कार दुर्गापुर एक्सप्रेसवे से गुजर रही थी और



दंतनपुर में यह हादसा हुआ। दंतनपुर के पास एक लॉरी गांगुली के काफिले से अचानक आगे निकल गई, जिससे कार चालक को अचानक ब्रेक लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। इससे एक चेन रिएक्शन हुआ। गांगुली के वाहन के पीछे की कारें एक-दूसरे से टकरा गईं और उनमें से एक गांगुली की कार से टकरा गई।

पूर्व बर्धमान जिले में हुआ हादसा पुलिस ने शुक्रवार को बताया, 'टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का काफिला पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना गुरुवार को दुगार्पुर एक्सप्रेसवे पर दांतनपुर के पास हुई जब गांगुली एक कार में यात्रा कर रहे थे और एक तेज रफ्तार लॉरी ने उन्हें ओवरटेक किया।'

### 'कार के ड्राइवर को अचानक ब्रेक लगाना पड़ा'

पश्चिम बंगाल पुलिस के एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'लॉरी के अचानक चलने पर गांगुली की कार के ड्राइवर को अचानक ब्रेक लगाना पड़ा, जिससे उनके पीछे चल रहे उनके काफिले के वाहनों से टक्कर हो गई।

# एशियन महिला कबड्डी चैंपियनशिप: हिमाचल की सात बेटियों का कबड्डी के इंडिया कैंप के लिए चयन

**हिमाचल प्रदेश।** हिमाचल प्रदेश की सात बेटियों का चयन कबड्डी में इंडिया कैंप (प्रशिक्षण शिविर) के लिए हुआ है। यह गर्व की बात है कि देशभर से चयनित 20 खिलाड़ियों में से सात हिमाचल से हैं। प्रशिक्षण शिविर छठी सीनियर एशियन महिला कबड्डी चैंपियनशिप 2025 की तैयारी के लिए आयोजित किया जा रहा है। चैंपियनशिप 4 से 9 मार्च तक ईरान में होगी। भारतीय टीम के गठन के लिए इंप्र शिक्षण शिविर 19 फरवरी से 1 मार्च तक साई ट्रेनिंग सेंटर सोनीपत में आयोजित किया जा रहा है। इसमें देश से बेहतरीन खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है, जिनमें हिमाचल प्रदेश की सात खिलाड़ियों ने भी अपनी जगह बनाई है।



इनमें पिछली एशियन चैंपियनशिप की गोल्ड मेडलिस्ट रितु नेगी, पुष्पा राणा, ज्योति ठाकुर, निधि शर्मा समेत साक्षी शर्मा, भावना देवी और चंपा शामिल हैं। इन खिलाड़ियों का चयन उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और शानदार खेल तकनीक के आधार पर किया गया है। सभी खिलाड़ियों ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। अगर ये खिलाड़ी प्रशिक्षण में अंतिम चयन में सफल रहती हैं, तो वे भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 11 मार्च तक राष्ट्रीय टीम के साथ रहेंगी और सीनियर एशियन महिला कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाएंगी।

हिमाचल प्रदेश कबड्डी संघ और कोचिंग स्टाफ ने सभी चयनित खिलाड़ियों से प्रशिक्षण शिविर में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। कबड्डी एसोसिएशन हिमाचल के महासचिव कृष्ण लाल ने कहा कि हिमाचल की बेटियां लगातार खेल जगत में अपनी पहचान बना रही हैं। हमें उम्मीद है कि ये खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाएंगी और देश के लिए पदक जीतकर लाएंगी।

# सौरव गांगुली की बायोपिक बनने के लिए तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड में कई स्पोर्ट्स पर्सन की बायोपिक बनी है। अब सौरव गांगुली की बायोपिक आने वाली है जिसके बारे में खुद उन्होंने बताया है। इतना ही नहीं सौरव ने यह भी बताया कि उनके बायोपिक में उनका किरदार कौनसा एक्टर करने वाला है और जिनका उन्होंने नाम लिया उसे सुनकर फैंस खुश हो जाएंगे। मीडिया से बात करते हुए सौरव ने कहा, 'राजकुमार राव मेरा किरदार निभाएंगे, लेकिन डेट्स को लेकर कुछ दिक्कतें हैं इसलिए 1 साल से ज्यादा समय लगेगा स्क्रीन पर आने के लिए।' सौरव ने भारत के लिए 113 टेस्ट और 311 ओडीआई खेले हैं। उन्होंने इंटरनेशनल करियर में सभी फॉर्मेट्स में 18,575 रन बनाए हैं।

# रोहित के 11 हजार वनडे रन पूरे, सेकेंड फास्टेस्ट बैटर

## शमी के फास्टेस्ट 200 विकेट, गिल सबसे कम इनिंग में 8 शतक वाले भारतीय



**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में भारत ने बांग्लादेश को 6 विकेट से हरा दिया। दुबई स्टेडियम में मोहम्मद शमी के 5 विकेट के चलते भारत ने बांग्लादेश की पारी 228 रन पर समेट दी। जवाब में शुभमन गिल की सेंचुरी के दम पर भारत ने 46.3 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया।

गुरुवार को रिकॉर्ड्स का दिन रोहित शर्मा और मोहम्मद शमी के नाम रहा। रोहित 11 हजार वनडे रन बनाने वाले सेकेंड फास्टेस्ट प्लेयर बने। शुभमन ने 51 इनिंग में 8 वनडे शतक लगाए। बॉल के हिसाब से शमी सबसे तेज 200 वनडे विकेट लेने वाले बॉलर बन गए हैं। कोहली ने वनडे में अपने 156 कैच पूरे किए।

**1. रोहित भारत के लिए 17वें आईसीसी टूनार्मेंट में उतरे भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा ने भारत के लिए सबसे ज्यादा आईसीसी टूनार्मेंट खेल लिए हैं। उन्होंने 9 टी-20 वर्ल्ड कप, 2 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप, 3 चैंपियंस ट्रॉफी और 3 वनडे वर्ल्ड कप खेले हैं। दूसरे नंबर पर विराट कोहली हैं, जिन्होंने 16 आईसीसी टूनार्मेंट में भाग लिया है।

**2. बांग्लादेश ने पहले 10 ओवर में 5 विकेट गंवाए** भारत ने आज पहले 10 ओवर में बांग्लादेश के 5 विकेट गिरा दिए। इस समय तक बांग्लादेश ने मात्र 39 रन बनाए थे। इससे पहले 2002 में टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ महज 44 रन पर 6 विकेट भी गंवा चुकी है।

**3. विराट के वनडे में 156 कैच पूरे** विराट कोहली के वनडे इंटरनेशनल में 156 कैच पूरे हो गए हैं। उन्होंने इस मामले में पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन की बराबरी कर ली। सचिन तेंदुलकर ने वनडे में 140 कैच लिए हैं।

**4. शमी ने 104 मैच में 200 वनडे विकेट लिए** पेसर मोहम्मद शमी मैचों के हिसाब से 200 विकेट लेने वाले सेकेंड फास्टेस्ट बॉलर बन गए हैं। उनके अब 104 मैच में 202 विकेट हो गए। इस रिकॉर्ड में ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क पहले नंबर पर हैं, उन्होंने 102 मैच में 200 वनडे विकेट पूरे किए थे।

**5. शमी ने सबसे कम बॉल फेंककर 200 वनडे विकेट लिए** मोहम्मद शमी ने अपने 200 वनडे विकेट के लिए 5126 बॉल फेंकीं। शमी वनडे में सबसे कम बॉल फेंककर 200 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। दूसरे पायदान पर मिचेल स्टार्क हैं, जिन्होंने 5240 बॉल में 200 विकेट पूरे किए थे।

**6. शमी आईसीसी लिमिटेड ओवर्स टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय** मोहम्मद शमी आईसीसी के लिमिटेड ओवर्स टूनार्मेंट यानि 50 ओवर वर्ल्ड कप, टी-20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी मिलाकर 74 विकेट ले चुके हैं। वे आईसीसी के इन टूनार्मेंट में भारत के टॉप विकेट टेकर बन गए, इसके लिए उन्होंने महज 19 पारियां लीं। दूसरे नंबर पर जहीर खान हैं, जिन्होंने 71 विकेट लिए हैं।

**7. शमी ने आईसीसी वनडे टूनार्मेंट में 5वीं बार 5-विकेट हॉल लिया** 5-विकेट हॉल यानी किसी भी गेंदबाज द्वारा एक पारी में 5 विकेट लेना होता है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी आईसीसी वनडे टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा बार फाइव विकेट हॉल लेने वाले भारतीय बन गए। उन्होंने यह कारनामा 5वीं बार किया।

**8. रोहित ने वनडे में सेकेंड फास्टेस्ट 11 हजार बनाए** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ अपने 11 हजार वनडे रन पूरे किए। उन्होंने यह मुकाम हासिल करने के लिए 261 पारियां लीं। रोहित ऐसा करने वाले दूसरे सबसे तेज बैटर बने। रिकॉर्ड में पहले नंबर पर बल्लेबाज विराट कोहली हैं ,जिन्होंने मात्र 222 इनिंग लेकर अपने 11 हजार रन पूरे किए थे।

**9. गिल ने 51 इनिंग में 8 वनडे शतक लगाए** शुभमन गिल ने टूनार्मेंट के पहले मैच में नाबाद 101 की पारी खेली। उन्होंने अपना आठवां वनडे शतक लगाया। गिल सबसे कम इनिंग में भारत के लिए 8 वनडे शतक लगाने वाले प्लेयर बन गए हैं। उन्होंने इसके लिए 51 इनिंग लीं। गिल के बाद रिकॉर्ड में शिखर धवन हैं, जिन्होंने 8 शतक के लिए 57 पारियां ली थीं।

# मोहम्मद शमी और शुभमन गिल ही नहीं, भारत की जीत में इन खिलाड़ियों का भी बड़ा हाथ




**नई दिल्ली।** मोहम्मद शमी ने चैंपियंस ट्रॉफी के अपने डेब्यू मैच में रिकॉर्डतोड़ गेंदबाजी की। शमी के इस शानदार प्रदर्शन के दिग्गज क्रिकेटर रिकी पोंटिंग मुरीद हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने शमी की तारीफ में कहा है कि यह ऐसा गेंदबाज है जिसे हर कोई अपनी टीम में चाहता है ।शमी ने चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में 5 विकेट लिए थे। पोंटिंग ने कहा कि उनका पांच विकेट झटकना इस बात का सबूत है कि चोट से लंबे समय तक बाहर रहने के बाद अब यह तेज गेंदबाज खुद सर्वश्रेष्ठ संस्करण है। मोहम्मद शमी ने आईसीसी टूनार्मेंट में वापसी करते हुए 53 रन देकर 5 विकेट चटकाए। जिससे भारत ने बृहस्पतिवार को बांग्लादेश को 228 रन पर समेट दिया। वह भारत की छह विकेट की जीत के दौरान सबसे कम पारियों में 200 वनडे विकेट लेने वाले भारतीय और दूसरे सबसे तेज गेंदबाज भी बने। पोंटिंग ने आईसीसी से कहा, उनके लिए वापसी करना और चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में पांच विकेट लेना शानदार है। वह ऐसा ही खिलाड़ी है जिन्हें आप अपनी टीम में चाहते हैं जो आपके लिए कुछ भी कर सकता है। शमी हमेशा मुझे ऐसा ही खिलाड़ी लगता है।

# विद्युत विभाग ने फिर की गांव कलछीना में छापेमारी की कार्रवाई

# 15 उपभोक्ता पकडे, दस बकाएदारों का कनेक्शन काटा व 12 के विरुद्ध चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर।** विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता के नेतृत्व में बिजली चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत टीम ने फिर दोबारा गांव कलछीना में पीएसी बल को साथ लेकर छापामार कार्यवाही की। डोर-टू-डोर चले अभियान के दौरान कटिया डालकर बिजली चोरी करते 15 उपभोक्ता पकडे गये। करीब दस बड़े बकाएदारों का कनेक्शन काटा गया। साथ ही 12 लोगों के विरुद्ध विद्युत चोरी में मुकदमा दर्ज कराया गया है। अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय के नेतृत्व में गांव कलछीना में फिर आकस्मिक छापामार कार्यवाही शुरू की गयी। विद्युत निगम और विजिलेंस टीम ने पुलिस प्रशासन के साथ छापेमारी अभियान चलाया।



विद्युत चैकिंग में 194 परिसरों की चेकिंग के दौरान दस हजार से अधिक के 10 बड़े बकाएदारों का कनेक्शन काटा गया। साथ ही कटिया डालकर चोरी कर रहे 15 उपभोक्ताओं के तार जब्त कर उनके विरूद्ध बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी। विभागीय टीम ने ट्रांसफार्मर पर बढते लोड को लेकर यह कार्यवाही जारी रखी। छापे के दौरान जिन बकायेदारो के कनेक्शन टीम ने काटे थे, उनकी ओर से दर्जन भर उपभोक्ता फिर तार लगाकर चोरी करते मिले। इन उपभोक्ताओं के मीटर उतारकर जब्त किये गये ओर इनके विरूद्ध चोरी में इस्तेमाल किए जा रहे केबिल आदि जब्त करते हुए वीडियोग्राफी की गई। छापेमारी से बिजली चोरी कर रहे लोगो में हड़कंप मच गया। टीम में अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय, एसडीओं थर्ड प्रदीप कुमार, जेई प्रताप कुमार आदि शामिल रहे।

## अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के खिलाफ वकीलों ने निकाला विरोध मार्च



**मोदीनगर।** तहसील के अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संशोधन बिल-2025 के विरोध में प्रदर्शन करते हुये जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन उपरान्त अपनी मांगों से संबन्धित ज्ञापन महामहीम राष्ट्रपति को संबोधित एसडीएम को सौपा। वकीलों ने बताया कि सरकार द्वारा लाया गया यह बिल अधिवक्ताओं के हित में नहीं है। शुक्रवार को तहसील के सैकड़ों अधिवक्ता एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुये एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम डॉ0 पूजा गुप्ता को सौंपा। उन्होंने कहा कि बिल में वकीलों की हड़ताल पर रोक लगाई गई है। साथ ही न्याय पालिका को वकीलों पर अवमानना की असीमित शक्तियां दी गई हैं। अधिवक्ताओं ने कहा कि यह प्रावधान विधि के विरुद्ध हैं। किसी भी बार काउंसिल ने इस तरह की मांग नहीं की थी। उनका आरोप है कि सरकार इस बिल के जरिए वकीलों की आवाज दबाना चाहती है। वकीलों ने बिल में अधिवक्ताओं के अधिकारों को बढ़ाने की मांग की। उन्होंने वकीलों के लिए बीमा योजना और 10 लाख रुपये तक के उपचार की सुविधा देने की मांग भी रखी। वकीलों ने चेतावनी दी कि अगर बिल वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम त्यागी, सचिव सौरभ मुदगल, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता समेत कई प्रमुख अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बजट में हर वर्ग का रखा गया ध्यान : अमित प्रताप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिया गया बजट प्रदेश को चहुंमुखी विकास की ओर ले जाने वाला बजट है। इस बजट में सरकार द्वारा विकास कृषि शिक्षा चिकित्सा को लेकर जो प्रावधान कर गए हैं। वह उत्तर प्रदेश के आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में बहुत ही उपयोगी एवं कारगर होगा यह बजट उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने वाला बजट साबित होगा। बजट में हर वर्ग व्यवसाय और समाज के लिए प्रावधान किए गए हैं। एक बहुत ही सुंदर बजट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा प्रदेश को दिया गया है।

## उद्योपतियों को राहत देने वाला बजट : मनोज पंडित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी नेतां मनोज पंडित ने कहा कि बीजेपी का बजट उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के द्वारा पेश किया गया जो कि हर बार की तरह उद्योगपतियों को राहत देने के लिए है जिसमें ना महिलाओं के लिए, ना युवाओं के लिए, ना किसानों के लिए कोई हित की बात की गई है और इनका बजट हर बर की तरह जुमलेबाजी निकलेगा।

## जनता का नहीं, खास लोगों का बजट : फुरकान कुरैशी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अंबेडकर वाहिनी फुरकान कुरैशी ने बजट पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ये देश और प्रदेश सरकार का बजट जनता के लिए नहीं है बल्कि अपने खास लोगों की जेब भरने के लिए बजट बनाया गया है। गरीब लोगों के लिए इसमें कोई फायदा नहीं है

## उत्तर प्रदेश को विकास की बुलंदी पर ले जाने वाला बजट : महेश शर्मा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा नेता महेश शर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा जो बजट पेश किया गया है उस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि यह बजट उत्तर प्रदेश को विकास की बुलंदी पर ले जाएगा यह बजट एक ऐतिहासिक बजट है 8.10 लाख करोड रुपए के इस बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 2500 प्रतिमाह की योजना, किसानों के लिए नई कृषि योजनाएं, शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक 55% वृद्धि और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ यह बजट उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है योगी सरकार का यह बजट सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का सच्चा उदाहरण है।

## दीपक हत्याकांड के दो फरार आरोपी गिरफ्तार




**लोनी।** चार दिन पूर्व हुआ दीपक हत्या कांड का पुलिस ने खुलासा कर दो हत्यारे आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 17 फरवरी को दीपक को तीन दोस्तों ने खाली पड़े मकान में नशे की हालत में दीपक के लोहे की रॉड़ से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया था तथा शव मकान में गड्ढा खोदकर दवा दिया था। शक होने पर हत्यारे के पिता ने पुलिस को सूचना दी पुलिस गहनता से जांच की सारा राज खुलकर सामने आ गया और दीपक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। दीपक के परिजनों ने अंकित पांचाल, करन पुत्र अनिल कुमार, मन्नू उर्फ मनोज के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी पुलिस ने अंकित को उसी दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था वाकी दो हत्यारे फरार थे उनकी पुलिस तलाश कर रही थी। एसीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि दीपक राजीब गार्डन का रहने वाला था और तीनों मित्र भी उसी कॉलोनी के निवासी थे उपरोक्त तीनों आरोपियों ने दीपक को बेरहमी से मार दिया तथा शव घर में गड्ढा खोदकर दवा था अंकित पहले ही जेल जा चुका है। शुक्रवार सुबह मुखबिर ने सूचना दी कि करन, व मन्नू दोनों अपने घर के पास ही है।

## डॉ. धौम्या भट्ट को मिला प्रतिष्ठित वूमेन प्रेस्टीज अवार्ड




**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की डीन (आईक्यूएसी) डॉ0 धौम्या भट्ट को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए पांचवें वूमेन प्रेस्टीज अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नारी शक्ति एवं नई पहल फाउंडेशन और लायंस क्लब दिल्ली वेज के संयुक्त तत्वावधान में प्रदान किया गया। नई दिल्ली के एग्जीक्यूटिव क्लब रिसॉर्ट में संपन्न हुये आयोजन में देशभर से प्रतिष्ठित महिला उद्यमी, समाजसेवी, कलाकार, शिक्षाविद् वैज्ञानिकए डॉक्टर, वकील और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। डॉ0 धौम्या भट्ट ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता सुधार और अनुसंधान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों ने न केवल संस्थान की शैक्षिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में भी योगदान दिया है। उनकी नेतृत्व क्षमता, समर्पण और शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान के योग्य बनाया। वूमेन प्रेस्टीज अवार्ड उन महिलाओं को सम्मानित करता है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य किया है। यह सम्मान महिलाओं की असाधारण उपलब्धियों को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने का कार्य करता है। पुरस्कार प्राप्त करने पर डॉ0 धौम्या भट्ट ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल मेरा, बल्कि पूरे शैक्षिक जगत का सम्मान है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता लाने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान देना मेरा उद्देश्य है। इस तरह की मान्यता हमें और अधिक मेहनत करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करती है। उनके इस सम्मान से न केवल एसआरएम आईएसटी बल्कि पूरे शैक्षणिक समुदाय में हर्ष का माहौल है। उनके सहयोगियों, विद्यार्थियों और संस्थान के प्रशासन ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## चार चाहन चोरों को दो वाहनों के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल

**लोनी।** लोनी ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चार वाहन चोर चोरी के दो वाहन व तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसीपी सूर्यवली मौर्य ने बताया कि पुलिस टीम ट्रॉनिका सिटी गेट नंबर दो पर वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी कि इसी दौरान स्कूटी व बाइक पर सवार चार लोग आए पुलिस ने चेकिंग के लिए रोका लेकिन वह भागने का प्रयास करने लगे पुलिस ने कुछ ही दूरी पर चारों को धर दबोचा। पूछतांछ में चारों शातिर वाहन चोर गिरोह के सक्रिय सदस्य निकले उन्होने अपने नाम शारिक, अमन, सैफ व रहमान बताए तथा चोरी की स्कूटी व बाइक एक तमंचा जिंदा कारतूस बरामद हुए। कडी पूछतांछ में चारों ने बताया कि दिल्ली एनसीआर इलाके से चोरी करते हें तथा राहगीरों को कम दामों में बेच देते है।

## पानी की समस्या से जूझ रहे वार्ड 95 के लोग : मौ. जाकिर अली सैफी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मौ. जाकिर अली सैफी ने नगर आयुक्त को वार्ड 95 में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। नगर आयुक्त वार्ड संख्या 95 के क्षेत्र शाहिद अशफाक उल्ला चौक पर लगा वार्ड का एक मात्र 30 एच पी का नलकूप आपके आदेश पर चालू कर दिया गया है लेकिन ये बहुत ज्यादा रेत दे रहा है और पानी भी 2 इंची दे रहा जिससे क्षेत्र में पानी की समस्या बहुत अधिक बढ़ रहीं है। पूर्व पार्षद जाकिर अली सैफी ने नगर आयुक्त से निवेदन किया कि रमजान का पवित्र महीना शुरू होने से पूर्व पानी की गंभीर समस्या का समाधान कराने की कृपा करें। कुछ अधिकारी आपको गुमरह कर रहे हैं।

## बीजेपी नेता व उसके भाई के विरुद्ध धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**लोनी (करंट क्राइम)।** बीजेपी नेता के विरुध प्लाट का वैनामा न करने व धोखाधड़ी कर 30 लाख रुपए हड़पने की रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टीला गांव निवासी योगेन्द्र मावी बीजेपी के सक्रिय कार्यकर्ता है और अपने भाई मुलकराज उर्फ बब्बू के साथ प्रोपट्री का काम करते हैं। मेरठ गंगानगर निवासी पुलिस विभाग से सेवानिवृित अशोक कुमार ने आरोप लगाया है कि 12 अप्रैल 2023 को योगेन्द्र मावी से तीस लाख रुपए में 200 वर्ग का प्लाट खरीदा था लेकिन प्लाट का सक्रिल रैट कम होने के कारण योगेन्द्र मावी ने पावर आफ अटोर्नी कराकर 28 लाख की रशीद दे दी थी और योगेन्द्र मावी ने अशोक को तीन माह के अंदर पक्का वैनामा करने का आश्वासन दिया वैनाम न होने पर सारी रकम वापस करने का बादा किया था लेकिन टाईम के आधार पर न ही वैनामा किया न पैसे वापस किए तो परेशान होकर अशोक एसीपी लोनी वार्डर से मिले और उन्हे सारी जानकारी दी।

## युवक को झांसे में लेकर बेच दी पट्टे की भूमि, रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर।** एक युवक को झांसे में लेकर अनूसूचित जाति के पट्टे की भूमि को फजीर्वाड़ा कर बेचे जाने का मामला सामने आया हैं। भूमि की इस खरीद फरोख्त मे फर्जी स्टांप पेपर लगाकर ठगी को उजागर किया गया हैं। पुलिस ने दस लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं। फफराना बस्ती कृष्णानगर निवासी सत्यप्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि गांव रावली कलाँ निवासी प्रमोद कुमार ने पट्टे की भूमि को फजीर्वाड़ा कर उसे बेच दिया, साथ ही फर्जी स्टांप पेपर के जरिये उक्त भूमि का सही साक्ष्य छिपाकर हेराफेरी की गयी। पुलिस ने पीडित द्वारा दी तहरीर पर इस मामले में गांव रावलीकला निवासी प्रमोद कुमार, मुनेश कुमार, प्रभाश, मुकेश, विनोद कुमार, रहीस अहमद, पकंज मलिक, जितेंद्र कुमार, कुलदीप, संजय कुमार सहित दस के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अनूसूचित जाति के पट्टे की भूमि को फजीर्वाड़ा कर बेचे जाने का मामला सामने आया हैं। भूमि की इस खरीद फरोख्त मे फर्जी स्टांप पेपर लगाकर ठगी को उजागर किया गया हैं। पुलिस ने दस लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं। फफराना बस्ती कृष्णानगर निवासी सत्यप्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि गांव रावली कलाँ निवासी प्रमोद

## सड़क दुर्घटना में पुत्री की मौके पर दर्दनाक मौत, पिता घायल




**लोनी (करंट क्राइम)।** सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार पिता पुत्री को ट्रक चालक ने अनयंत्रित होकर पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसकी चपेट में आकर पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई पिता घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक व चालक को हिरासत में ले लिया है तथा मृतिका को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार सुबह साढे दस बजे करीब सांई गार्डन कॉलोनी निवासी उमेश अपनी पुत्री अंशू 15 वर्ष को स्कूटी पर बैठा कर लोनी से किसी डाक्टर से दवा लेकर अपने घर सांई गार्डन चिरौडी रोड़ पर वापस लौट रहा था बंथला फ्लाई ओवर से 100 मीटर पहले पीछे से ट्रक का चालक अनयंत्रित हो गया और स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे स्कूटी पर बैठी अंशू ट्रक के आगे वाले पहिए के नीचे आ गई और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। आसपास के लोगों ने घटना को देखकर ट्रक व चालक को पकड़ लिया तथा पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची तथा ट्रक व चालक को हिरासत में ले लिया और अंशू के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी सुर्यवली मौर्य ने बताया दुर्घटना दर्दनाक हुई है ट्रक व चालक को हिरासत में ले लिया गया है तथा घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी गई है। जबकि मसूरी दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसबे पर हवा हवाई रेस्टोरेंट के पास कार का टायर अचानक फट गया कार का बैलेंस बिगड गया चालक अनियंत्रित हो गया जिससे कार पास में खड़े ट्रक में जा घुसी कार में सवार तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मसुरी सीएचसी में भर्ती कराया गया वहां उपचार के दौरान प्रवीन पुत्र मुनेश पाल निवासी चांद समद खतौली मुजफ्फर नगर की मौत हो गई परिवार में मातम छाया हुआ है तथा एक वर्ष पूर्व प्रवीन की पिता की भी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।




## कौन होगा इन और आउट, 26 के बाद दूर होगा डाउट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों चर्चा सुनाई दे रही है कि किसपर कृपा होगी और कौन साइड लाइन किया जाएगा। वहीं पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद महाशिवरात्रि पर्व के बाद बदलाव वाले समीकरण बनते हैं। वहीं यहां की ड्यूटी किसी को फटकार लगवाती मिलती है, तो किसी के लिए इनाम वाले योग बनते हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते साल वाला सीन देखा जाए तो चर्चाएं बहुत हो रही हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस बार स्थिति क्या रहती है, यह देखने लायक होगा। वही जिस तरह से लखनऊ और प्रदेश वाले सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि 26 तारीख के बाद पुलिस कमिश्नरेट से लेकर यूपी पुलिस में बड़े फेरबदल और बदलाव की चर्चा चल रही है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि प्रदेश स्तर पर 26 तारीख के बाद बड़ी लिस्ट जारी होने वाली है। तो वहीं आईपीएस से लेकर पीपीएस और कई स्तर के अधिकारियों के तबादले भी हर हाल में होने की जानकारी आ रही हैं। सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम को लेकर भी दो से तीन सूचनाएं सामने आ सकती हैं। इसमें डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों के नाम भी शामिल हो सकते हैं। वही लोकल स्तर पर होने वाले जलाभिषेक कार्यक्रम का भी असर देखने को मिल सकता है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि दूधेश्वरनाथ वाली ड्यूटी को लेकर इस बार बेहद महत्वपूर्ण स्थिति रहने वाली है। यहां अच्छी ड्यूटी पर ईनाम और लापरवाही पर कार्रवाई वाला सीन बन सकता है। वहीं जिस तरीके से बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी के कई चौकी प्रभारियों पर कार्रवाई की गई है उसके बाद कई चौकी प्रभारी बेहद साइलेंट वाले मोड पर आ गए हैं। उधर कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि आज से शुरू हो रहा निरीक्षण का दौर रविवार को मीटिंग तक पहुंचने वाला है। अब देखना होगा कि रविवार तक किसको क्या सजा मिलती है और किसका काम बेस्ट दिखता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी में होने वाले बेहद बड़े आयोजन में कौन-कौन खास अधिकारियों के चेहरे यहां ड्यूटी पर देखने को मिलेंगे, यह भी बेहद महत्वपूर्ण रहेगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि 26 के बाद किस पर महादेव की कृपा होती है, यह देखना भी बेहद महत्वपूर्ण होगा कि कौन इन और कौन आउट होगा।




## चोरों ने किराना स्टोर की छत उखाडकर की चोरी



**लोनी (करंट क्राइम)।** चोरों ने किराना स्टोर छत फाड़कर निशाना बनाया और चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। किराना स्टोर से हजारों की नगदी तथा का सामान चुरा लिया किराना स्टोर संचालक शुक्रवार नौ बजे प्रतिदिन की भांति स्टोर पर आया तो उसके होश उड़ गए। संचालक ने चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दे दी है पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। लोनी थाने की प्रेमनगर कॉलोनी का रहने वाला मुशाहिद पुत्र शमशुद्दीन की गाजियाबाद मार्ग पर तिराहा चौकी से पहले अली किराना स्टोर है। गुरुवार रात वह प्रतिदिन की तरह नियत समय पर मुशाहिद अपने घर चला गया रात मे ही चोरों ने किराना स्टोर की छत उखाड़ कर स्टोर के अंदर घुस गए और गल्ले में रखे 23 हजार रुपए, पांच टीन रिफाइंड, किराने का हजारों का सामान चोरी कर फरार हो गए। शुक्रवार सुबह वह अपनी दुकान पर आया तो उसे घटना की जानकारी हुई उसने पुलिस को चोरी की सूचना देकर रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दे दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## युवती को नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म, आरोपी करता था ब्लैकमेल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र में एक युवक ने पड़ोस में रहने वाली युवती को नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने इस दौरान अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिए। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि युवती ने गुरुवार को मुकदमा दर्ज कराया। पीड़िता के अनुसार, पड़ोसी ने उसे नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने फोटो-वीडियो के जरिए युवती को लगातार ब्लैकमेल किया। 25 वर्षीय आरोपी हापुड़ का रहने वाला है। उसने पीड़िता से पैसों की मांग की और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। युवती की शादी के दो दिन बाद आरोपी ने उसके ससुराल वालों को भी अश्लील फोटो-वीडियो भेज दिए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने युवती के अकेले होने पर पानी में नींद की गोली मिलाकर दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## पेट्रोल पंप से बदमाशों ने कैन में भरा पेट्रोल, कर्मचारी को किया घायल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मसूरी थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे स्थित एक पेट्रोल पंप पर बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटना रात 3 बजे की है। अजय बंसल के पेट्रोल पंप पर एक वैगनआर कार में सवार बदमाश आए। पहले एक बदमाश ने पेट्रोल पंप का जायजा लिया। फिर अपने साथियों को बुलाया। बदमाश अपने साथ खाली कैन लाए थे। उन्होंने कैन में पेट्रोल भरवाया। पेट्रोल पंप कर्मचारी विजेंद्र के अनुसार, एक बदमाश ऑफिस में घुसा। वहां मौजूद कर्मचारी को बदमाशों ने घायल कर दिया। बदमाश ऑफिस में लगी छउऊ भी अपने साथ ले गए। एसीपी सदर सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस पेट्रोल पंप और टोल प्लाजा के उउळश फुटेज की जांच कर रही है। मामले की जांच के लिए कई टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी गाजियाबाद में एक पेट्रोल पंप पर नकदी की लूट हुई थी। उस मामले का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है।

## युवक को गोली मारने वाले दो गिरफ्तार, भेजा जेल



**नोएडा (करंट क्राइम)।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से एक पिस्टल और तमंचा बरामद किया है। घटना सरकपुर गांव की है। पीड़ित के पिता नरेश उर्फ लीलू ने बताया कि बुधवार रात उनके बेटे सुमित की पड़ोसियों से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद आरोपी उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने दुकान पर बैठे सुमित पर कई राउंड फायरिंग की। एक गोली सुमित के पेट में लगी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसे डंडों से भी पीटा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने वरुण, लकी, सुभाष जयप्रकाश और विनोद समेत तीन अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। शुक्रवार को पुलिस ने दो सगे भाई लकी और वरुण को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगी हुई हैं। घायल सुमित की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई

### पुलिस ने 3 घंटे के अभियान में 587 लोगों को पकड़ा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस कमिश्नरेट के शहर जोन, देहात जोन और ट्रांस हिंडन जोन में चलाए गए इस तीन घंटे के अभियान में 587 लोग पकड़े गए। शहर जोन के डीसीपी राजेश कुमार के अनुसार, उनके क्षेत्र में सबसे अधिक 279 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें मधुबन बापूधाम में 56, कोतवाली नगर में 53, नंदग्राम में 54, विजयनगर में 49, कवि नगर में 35 और सिहानी गेट में 32 लोग शामिल हैं। ट्रांस हिंडन जोन में डीसीपी निमिष पाटिल के नेतृत्व में 138 लोगों को पकड़ा गया। इनमें इंदिरापुरम से 27, टीला मोड़ से 23, साहिबाबाद से 21, कौशांबी से 20, शालीमार गार्डन और लिंक रोड से 16-16 तथा खोड़ा से 15 लोग शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि जिले के कई इलाकों में खुलेआम सड़क पर शराब पीने की शिकायतें मिल रही थीं। इससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। मेडिकल जांच के बाद सभी का 34 पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया। गाजियाबाद पुलिस पिछले 45 दिनों से लगातार यह अभियान चला रही है।

# नेतन्याहू ने की युद्धविराम समझौते के उल्लंघन की निंदा, कहा- हमास को कीमत चुकानी पड़ेगी





**इस्राइल।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को गाजा युद्धविराम समझौते के उल्लंघन को क्रूर और दुर्भावनापूर्ण बताया। दरअसल, समझौते के तहत हमास की ओर से जिन शवों को भेजा गया, उनमें एक की पहचान गलत निकली। हमास ने जिस महिला का शव भेजा था, वह इस्राइल के दो बच्चों की मां शिरी बिबास का नहीं था। चरमपंथी संगठन ने शिरी का शव भेजने का वादा किया था।

इस घटना ने युद्धविराम के भविष्य पर सवाल खड़ा कर दिया है। 15 महीनों के युद्ध के बाद युद्धविराम समझौते के तहत शनिवार को छह और इस्राइली बंधकों को रिहा किया जाना है। हमास ने गुरुवार को इस्राइल के चार शवों को भेजा था। इस्राइली अधिकारियों के मुताबकि, इनमें शिरी बिबास के दो बच्चों कफीर और एरियल बिबास और ओडेडे लिफशिट्ज (83 वर्षीय) के शवों की पहचान सही पाई गई। जबकि चौथा शव शिरी बिबास का नहीं था, बल्कि वह गाजा की एक महिला का था।

इस पर इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा, हम अपने सभी जीवित और मृतक बंधकों के साथ शिरी को घर लाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि हमास समझौते के इस क्रूर और दुर्भावनापूर्ण उल्लंघन की कीमत चुकाए। नेतन्याहू ने कहा कि लिफशिट्ज, एरियल और कफीर बिहास की यादें हमेशा देश के दिल में रहेगी। ईश्वर उनके खून का बदला लेगा। इसलिए हम बदला लेंगे। उन्होंने कहा कि चौथा शव गाजा की एक महिला का था।

वहीं, हमास ने दावा किया कि लाइफशिट्ज, लिफशिट्ज, शिरी बिबास और उनके बेटे इस्राइल हवाई हमलों में मारे गए। लेकिन इस्राइल ने कहा कि शवों के परीक्षण से पता चला है कि दोनों लड़कों और लिफशिट्ज को हमास के लड़ाकों ने मार डाला। अमेरिकी दूत एडम बोहलर ने गलत शव की रिहाई को भयावह और युद्धविराम का स्पष्ट उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा, अगर मैं उनकी जगह होता तो मैं सभी को रिहा कर देता।

### सैकड़ों फलस्तीनी भी इस्राइली जेलों से हो चुके रिहा

शव की पहचान का मुद्दा बिबास परिवार की कहानी में एक चौंकाने वाला मोड़ है। बिबास परिवार हमास के कब्जे में इस्राइल बंधकों की दुर्दशा का वैश्विक प्रतीक बना है। हमास और इस्राइल के बीच जनवरी में युद्धविराम लागू हुआ, जिसके तहत बंधकों की रिहाई के बदले इस्राइली जेलों से सैकड़ों फलस्तीनियों को रिहा किया गया है। गुरुवार को बंधकों की रिहाई से पहली बार पता चला कि हमास ने मृत बंधकों के शव लौटाए हैं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने किया दावा ब्रिक्स संगठन टूट गया है, मुझे नहीं पता उनके साथ क्या हुआ



**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि हमारी टैरिफ की धमकी के बाद ब्रिक्स (इफ्क्ष्र) संगठन टूट गया है। ट्रंप ने कहा कि ब्रिक्स देश हमारे डॉलर को बर्बाद करने की कोशिश में जुटे थे। यह संगठन डॉलर के मुकाबले नई मुद्रा बनाना चाहता था। मगर मैंने आते ही सबसे पहले कहा कि अगर किसी भी ब्रिक्स देश ने डॉलर के खिलाफ कदम उठाय तो उस पर 150 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। हमें आपका सामान नहीं चाहिए। इसके बाद ब्रिक्स देश टूट गए।

### मुझे नहीं पता ब्रिक्स के साथ क्या हुआ?

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि 150 प्रतिशत टैरिफ की धमकी के बाद हमने ब्रिक्स के बारे में नहीं सुना है। मुझे नहीं पता कि उनके साथ क्या हुआ?

डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति का पदभार संभालने से पहले ही ब्रिक्स देशों के धमकी दी थी। इसके बाद उन्होंने जनवरी महीने में अपनी धमकी दोहराई। बाद में 13 फरवरी को ट्रंप ने कहा था कि अगर ब्रिक्स देशों ने डॉलर के मुकाबले कोई अन्य मुद्रा को अपनाने की कोशिश की तो अमेरिका उन पर 100 फीसदी टैरिफ लगाएगा।

### ब्रिक्स के बारे में जानें

ब्रिक्स दुनिया का एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय संगठन है। मौजूदा समय में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे 10 देश शामिल है। ब्रिक्स की स्थापना साल 2006 में हुई थी।

पहले इसका नाम ब्रिक था। मगर 2010 में दक्षिण अफ्रीका के इसमें शामिल होने के बाद नाम ब्रिक्स पड़ा। ब्रिक्स का मुख्यालय चीन के शहर शंघाई में है। अगर ताकत की बात करें तो ब्रिक्स दुनिया का तीसरा सबसे शक्तिशाली संगठन है।

### 150 फीसदी टैरिफ की धमकी

रिपब्लिकन गवर्नर्स एसोसिएशन की बैठक में डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स पर अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। ट्रंप ने कहा कि यह संगठन टूट गया है। उन्होंने ब्रिक्स देशों ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका को टैरिफ लगाने की नई धमकी दी। ट्रंप ने डॉलर के खिलाफ कोई भी कदम उठाने पर संगठन के देशों पर 150 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी दी है।

# अमेरिकी प्रतिबंधों की मार, दोस्त रूस में पैसे के लिए भटक रहे भारतीय, चीनियों को नो टेंशन




**यूक्रेन।** यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही भारत और रूस के बीच रेकॉर्ड पैमाने पर व्यापार हो रहा है। भारत रूस से जमकर तेल खरीद रहा है और सामानों को आदान-प्रदान हो रहा है। इस बीच रूस में रह रहे भारतीयों के लिए बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। दरअसल, यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों ने रूस के खिलाफ कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए हैं। इससे भारत और रूस के बीच पैसे का आदान प्रदान नहीं हो पा रहा है। वीजा और मास्टरकार्ड के काम नहीं करने से भारतीय लोग ट्रांजेक्शन नहीं कर पा रहे हैं। इसकी सबसे ज्यादा मार छात्रों पर पड़ी है जो रूस पढ़ने के लिए आए हैं। वहीं चीन के लोगों की बात करें तो वे आसानी से पैसा निकाल और भेज पा रहे हैं।

रूस में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के समन्वयक डॉक्टर सिद्धार्थ ने नवभारत टाइम्स डॉट कॉम से भारतीयों को हो रही परेशानी पर खुलकर अपनी बात कही है। डॉक्टर सिद्धार्थ का कहना है कि पीएम मोदी जब मास्को आए थे तब रूसी राष्ट्रपति ने मजाक में कहा था कि उन्हें पीएम मोदी को समझने के लिए ट्रांसलेटर की जरूरत नहीं है। इसकी वजह यह है कि पीएम मोदी से उनका भावनात्मक संबंध है। भारतीय मूल के डॉक्टर सिद्धार्थ कई साल रूस में रहते हैं। उन्होंने कहा कि दावा किया गया था कि पश्चिमी देशों के प्रतिबंध आम नागरिकों के लिए नहीं हैं लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। रूस में जमीनी हालात बेहद खराब हैं।

# इजरायल के बम धमाके के पीछे ईरान और हमास का हाथ!



**इजरायल।** इजरायल के बैट याम शहर में गुरुवार (20 फरवरी) शाम को तीन बसों में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों ने पूरे देश को हिला दिया। इन विस्फोटों में बसों के परखच्चे उड़ गए, हालांकि वक्त रहते दो बसों में लगे बमों को निष्क्रिय कर दिया गया।

सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि यह एक प्री-प्लान आतंकी हमला था, जिसे ईरान और हमास ने मिलकर अंजाम दिया था। बता दें कि बसों में लगाए गए बम शुक्रवार सुबह 9 से 10 बजे के बीच ब्लास्ट करने के लिए सेट किए गए थे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग हताहत हों, लेकिन गलत सेटिंग के कारण ये बम गुरुवार रात ही फट गए, जिससे किसी की जान नहीं गई। इजरायल के अधिकारियों के मुताबिक, ये बम नॉन स्टैंडर्ड विस्फोटक सामग्री से बने थे, जो कि बड़ी संख्या में का कारण बन सकते थे।

### ईरान और हमास का शक

इजरायल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेट का कहना है कि इस हमले की योजना ईरान में बनाई गई थी और इसे वेस्ट बैंक में एक्टिव हमास के लड़ाकों ने अंजाम दिया। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने हमले के लिए न सिर्फ हथियारों की सप्लाई की बल्कि हमास के लड़ाकों को ट्रेनिंग भी दी थी।

### सुरक्षा एजेंसियों की जांच और तैनाती

तेल अवीव पुलिस के जिला कमांडर के अनुसार, बमों का वजन चार से पांच किलोग्राम था और इन्हें सैकड़ों नागरिकों को मारने के इरादे से लगाया गया था। इस घटना के बाद इजरायल में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस और सुरक्षा बलों ने बसों और ट्रेनों की जांच तेज कर दी है और संदिग्धों की तलाश के लिए तैनाती बढ़ाई जा रही है।

बैट याम के मेयर ज्विका ब्रूट ने कहा कि शहर के स्कूलों और महत्वपूर्ण संस्थानों के आसपास सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। हालांकि, यह संभावना नहीं है कि हमलावर अभी भी इलाके में मौजूद हों। इजरायल की परिवहन मंत्री मिरी रेगेव ने देशभर में बसों, ट्रेनों, और लाइट रेल ट्रेनों की जांच का आदेश दिया है।

### प्रधानमंत्री नेतन्याहू की प्रतिक्रिया

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पुलिस और शिन बेट को सुरक्षा कड़ी करने के निर्देश दिए हैं। इजरायल के रक्षा मंत्री ने यहूदिया और सामरिया के शरणार्थी शिविरों में अभियान तेज करने और तीन अतिरिक्त बटालियन तैनात करने का आदेश दिया है।

### सिलसिलेवार बम धमाके देश

इजरायल के बैट याम में हुए सिलसिलेवार बम धमाके देश की सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन गए हैं। हालांकि समय से पहले विस्फोट होने के कारण एक बड़ा हादसा होने से टल गया, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह स्पष्ट है कि ईरान और हमास जैसे संगठनों से निपटने के लिए सतर्कता और सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करना होगा।

# डोनाल्ड ट्रंप का गाजा प्लान अरब देशों के लिए बना सिरदर्द, सऊदी प्रिंस ने बुलाई बैठक



**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी के मुद्दे को लेकर अरब देशों के नेता इस्लाम के गढ़ सऊदी अरब में अहम बैठक करने वाले हैं। सऊदी अरब में शुक्रवार (21 फरवरी) को होने वाली अहम बैठक में मिस्र और जॉर्डन समेत कई खाड़ी देशों के नेता भी शामिल होने वाले हैं। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अरब देशों के नेताओं को बैठक के लिए रियाद में आमंत्रित किया है। इस बैठक में गाजा पर शासन और इसके पुनर्निर्माण के लिए धन जुटाने के मुद्दे पर चर्चा होनी है।

इसके अलावा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पट्टी पर कंट्रोल करने और वहां से लोगों को विस्थापित करने की योजना से मुकाबला करने पर भी बातचीत होगी, जिसने पूरी अरब दुनिया में हलचल पैदा कर दी है और अरब नेताओं के लिए सिरदर्द बना हुआ है।

### गाजा पर फैसला लेंगे अरब देश!

सऊदी विदेश नीति के विशेषज्ञ उमर करीम ने बैठक को अरब जगत और फिलिस्तीनी मुद्दे के लिए महत्वपूर्ण बताया है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि गाजा के पुनर्निर्माण में 53 अरब डॉलर से अधिक खर्च होंगे, इसमें पहले ही 3 सालों में करीब 20 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च होगा। यह बैठक इसी मुद्दे को संबोधित करेगी कि गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के लिए धन कैस इकट्ठा किया जाए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में यह प्रस्ताव देकर अरब दुनिया में आक्रोश फैला दिया है। ट्रंप ने प्रस्ताव दिया है कि गाजा पट्टी से करीब 23 लाख लोगों को पड़ोसी देश मिस्र और जॉर्डन में भेज दिया जाएगा। जिसका दुनिया के कई देशों ने विरोध किया। वहीं, मिस्र ने भी गाजा को लेकर प्लान तैयार करने के संकेत दिए हैं।

### गाजा पर किसका शासन हो और पुनर्निर्माण के लिए धन इकट्ठा करने पर चर्चा

सऊदी मीडिया के मुताबिक, यह एक अनौपचारिक बैठक है। अल जजीरा के मुताबिक, ट्रंप की गाजा के बारे में योजना ने अरब देशों को विरोध में एकजुट किया है। हालांकि, अरब देशों में इस बात को लेकर अभी असहमति है कि गाजा पट्टी पर किसका शासन होना चाहिए और इसे फिर से बनाने के लिए धन को कैसे इकट्ठा किया जाए।

# 6000 लोगों की नौकरी जाएगी




**वाशिंगटन।** अमेरिका में बड़े पैमाने पर छंटनी का दौर शुरू हो गया है। खबर है कि अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बाद क्म्र यानी इंटरनल रेवेन्यू सिस्टम के 6 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की नौकरी जाने वाली है। जानकार इस छंटनी पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। साथ ही उनका कहना है कि यह ऐसा किया जा रहा है ताकि क्म्र अमीरों के मामलों में जांच न कर सके। खास बात है कि ट्रंप ने DOGE विभाग को सरकार के खर्च में कटौती का काम सौंपा है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, मामले के जानकार लोगों का कहना है कि क्म्र ने गुरुवार को लोगों को बताया है कि करीब 6 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जाएगा। खास बात है कि यह फैसला ऐसे समय में लिया गया, जब अमेरिका में टैक्स फाइलिंग की प्रक्रियाएं जारी हैं। क्म्र में अधिकारी क्रिस्टी आर्मस्ट्रॉन्ग रोते हुए बताती हैं कि उनके करीब 6 हजार सहकर्मियों को नौकरी से निकाल दिया जाएगा।

# 5 साल बाद कोठरी से बाहर आए अलीबाबा के मालिक चीन में अब क्या होगा?




**बीजिंग।** चीन के सबसे चर्चित और कभी बेहद प्रभावशाली उद्यमी जैक मा आखिरकार पांच साल बाद सार्वजनिक रूप से नजर आए हैं। अलीबाबा के संस्थापक जैक मा, जो एक समय दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में गिने जाते थे, 2020 के बाद से अचानक गायब हो गए थे। उनके गायब होने की वजह बनी थी चीन के वित्तीय सिस्टम पर उनकी खुली आलोचना, जिसने बीजिंग सरकार को नाराज कर दिया।

इसके बाद सरकार ने उनकी कंपनियों पर कड़ी कार्रवाई की, और जैक मा ने खुद को सार्वजनिक जीवन से दूर कर लिया। लेकिन अब, उनकी वापसी कई नए संकेत दे रही है। सवाल उठता है कि क्या यह चीन की सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सुलह का संकेत है, या कोई नई रणनीति?

### शी जिनपिंग के साथ दिखे!

दरअसल बीते हफ्ते, बीजिंग में चीन के शीर्ष उद्योगपतियों और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ हुई एक बैठक में जैक मा पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए। इस बैठक में राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी मौजूद थे। तस्वीरों में जैक मा को पहली पंक्ति में बैठा देखा गया, हालांकि उन्होंने कोई भाषण नहीं दिया।

विश्लेषकों का मानना है कि यह संकेत है कि चीनी सरकार अब निजी क्षेत्र के बड़े उद्यमियों के साथ संबंध सुधारने की कोशिश कर रही है। सोशल मीडिया पर जैक मा की वापसी को एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

### तो क्या तकनीकी क्षेत्र पर सरकार सॉफ्ट होगी?

शी जिनपिंग ने इस बैठक में कहा कि निजी क्षेत्र को अब खुलकर आगे आना चाहिए और चीन की आर्थिक चुनौतियों का सामना करने में योगदान देना चाहिए। यह बयान ऐसे समय में आया है जब चीन की अर्थव्यवस्था सुस्ती का शिकार है, बेरोजगारी बढ़ रही है और निवेशकों का विश्वास कमजोर पड़ रहा है।

चीन की अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र का योगदान 50% से अधिक है, और यह शहरी रोजगार व कर राजस्व का एक बड़ा स्रोत है। जैक मा की वापसी इस बात का संकेत देती है कि चीन सरकार अब तकनीकी कंपनियों और निजी क्षेत्र के बड़े उद्यमियों को फिर से प्रोत्साहित करना चाहती है। इस खबर के बाद अलीबाबा के शेयरों में उछाल देखी गई, जो बाजार की सकारात्मक प्रतिक्रिया को दर्शाती है।

चीन सरकार की यह नरम होती नीति अमेरिका की बढ़ती आर्थिक पाबंदियों का परिणाम भी हो सकती है। हाल ही में, चीन की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी डीपसीक ने अपनी नई अकटेक्नोलॉजी 'R1' लॉन्च की, जिससे अमेरिकी टेक कंपनियों में हलचल मच गई।

चीन अब सेमीकंडक्टर्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ना चाहता है। अमेरिका की व्यापार नीतियों के कारण चीन को अपनी कंपनियों पर अधिक भरोसा करना पड़ रहा है। ऐसे में, जैक मा जैसे अनुभवी उद्यमियों की जरूरत बढ़ गई है।

# कौन होगा जर्मनी का अगला चांसलर? रेस में ये 4 दिग्गज शामिल, मस्क ने किसका किया समर्थन



जर्मनी में रविवार (23 फरवरी) को अगले चांसलर को लेकर संघीय चुनाव होने हैं। जर्मनी में पिछले साल सरकार गिर गई थी। इसके बाद चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने अचानक चुनाव कराने का आह्वान किया था। जर्मनी के चुनाव में इस बार दुनिया के सबसे अमीर आदमी एलन मस्क भी काफी ज्यादा दिलचस्पी ले रहे हैं। वो इस बार चुनाव में जर्मनी में दक्षिणपंथी एलिस वीडेल का समर्थन कर रहे हैं। आइये इस बार चुनाव में प्रमुख दावेदारों पर नजर डालते हैं।

### ओलाफ स्कोल्ज

66 वर्षीय सेंटर-लेफ्ट सोशल डेमोक्रेट दिसंबर 2021 से जर्मनी के चांसलर हैं। वो दूसरी बार चांसलर बनने की रेस में हैं। स्कोल्ज के पास सरकारी अनुभव का खजाना है। उन्होंने पहले हैम्बर्ग के मेयर और जर्मन श्रम और वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया है। चांसलर के रूप में स्कोल्ज ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद जर्मनी की सेना को आधुनिक बनाने का प्रयास शुरू किया। उन्होंने जर्मनी को यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बनाया। उनकी सरकार ने ऊर्जा संकट को रोका और उच्च मुद्रास्फीति का मुकाबला करने की कोशिश की।

### फ्रेडरिक मर्ज

जर्मनी के 69 वर्षीय विपक्षी नेता चुनाव अभियान में सबसे आगे चल रहे हैं। उनके दक्षिणपंथी यूनियन ब्लॉक ने चुनावों में बढ़त हासिल की है। लंबे समय तक चांसलर रहीं एंजेला मर्केल के 2021 में पद छोड़ने के बाद मर्ज. अपनी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन पार्टी के नेता बन गए।

चुनाव अभियान के दौरान मर्ज.ने अनियमित प्रवासन को रोकना एक केंद्रीय मुद्दा बनाया है। हालांकि उनके पास सरकार में अनुभव की कमी है। वे 1989 में यूरोपीय संसद में शामिल हुए और पांच साल बाद जर्मनी में सांसद बन गए। उन्होंने 2009 के बाद कई सालों तक सक्रिय राजनीति से ब्रेक लिया, एक वकील के रूप में अभ्यास किया और निवेश प्रबंधक ब्लैकरॉक की जर्मन शाखा के पर्यवेक्षी बोर्ड का नेतृत्व किया।

### रॉबर्ट हेबेक

55 वर्षीय हेबेक जर्मनी के वर्तमान कुलपति और अर्थव्यवस्था एवं जलवायु मंत्री भी हैं। 2018 से 2022 तक ग्रीन्स के सह-नेता के रूप में उन्होंने पार्टी की लोकप्रियता में बढ़ाया।2021 में उन्होंने एनालेना बैरबॉक, जो अब जर्मनी की विदेश मंत्री हैं, को चांसलर पद के लिए पार्टी की ओर से पहला उम्मीदवार बनाने के लिए पद छोड़ दिया। मंत्री के रूप में हेबेक का रिकॉर्ड औसत रहा है। उनके मंत्रालय द्वारा जीवाश्म ईंधन हीटिंग प्रणालियों को हरित विकल्पों से बदलने की योजना को लेकरसरकार में मतभेद और गहरा हो गया था।

### एलिस वीडेल

46 वर्षीय वीडेल जर्मनी के शीर्ष पद के लिए सुदूर दक्षिणपंथी, अप्रवास विरोधी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी या आऊकी ओर से पहली दावेदारी पेश कर रही हैं। पेशे से अर्थशास्त्री वीडेल 2013 में पार्टी की स्थापना के तुरंत बाद ही पार्टी में शामिल हो गई थीं। 2017 में पार्टी द्वारा पहली बार राष्ट्रीय विधायिका में सीटें जीतने के बाद से वे अपनी पार्टी के संसदीय समूह की सह नेता रही हैं। वीडेल 2022 से ही टीनो क्रुपल्ला के साथ पार्टी की सह नेता हैं। दिसंबर में उन्हें चांसलर पद के लिए उम्मीदवार के रूप में नामित किया गया था।

# राइज इन इंडिया 2025 का दूसरा दिन

## इस तरह की प्रदर्शनी युवाओं में करेंगी नई ऊर्जा का संचार : बी.एल. वर्मा

### गाजियाबाद के युवाओं को इस प्रदर्शनी का अवलोकन कर अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए : डॉ. अनिल अग्रवाल














**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राइज इन इंडिया 2025 प्रदर्शनी के दूसरे दिन भी हजारों की संख्या में बच्चों और लोगों ने भाग लिया और दूसरे दिन केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे और प्रदर्शनी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी युवाओं में नई ऊर्जा का संचार करेगी। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया साढ़े छह करोड़ वर्ष पुराने डायनासोर के अंडे और पग दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बना। मेगा एग्जिबिशन में केंद्रीय सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। स्कूल-कॉलेज के छात्रों ने स्टॉल्स को रुचि से देखा और विभिन्न जानकारी प्राप्त की।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि यह एग्जिबिशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को ध्यान में रखते हुए सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों के बारे में गाज़ियाबाद के युवाओं को जानकारी दे रहा है।

इस प्रदर्शनी को देखने के लिए दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में स्कूल-कॉलेज के छात्रों ने स्टॉल्स को रुचि से देखा और विभिन्न जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों, विभिन्न अभियानों, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। एग्जिबिशन में राष्ट्रीय और राज्य स्तर की 50 से अधिक संस्थाओं ने अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन किया है।

विभाग जैसे कि डीआरडीओ, इसरो ,जीएसआई, सीएसआईआर, एनएफएल , आई॰सी॰ए॰आर॰, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, टूरिज्म मंत्रालय, डीसी हैंडिक्राफ़्ट, आयुष मंत्रालय, आईसीएमआर, बीआईएस, एनटीपीसी, युपेडा, एलिम्को, टी बोर्ड,कृभको, जेम, सिपेट, सेंट्रल सिल्क बोर्ड, नीलिट, डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी इसमें भाग ले रहे है। इसके अंतर्गत 20 से 22 फरवरी को गाज़ियाबाद के कई स्कूल एवं कॉलेज के हजारों विद्यार्थी विभिन्न संस्थानों की प्रदर्शनी देख कर लाभान्वित होंगे। प्रदर्शनी सभी आयु वर्ग के लिए हैं। सभी इसे निशुल्क देख सकते हैं। इस प्रदर्शनी में मुख्य रूप से इसरो, डीआरडीओ, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया , डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी आयुष मंत्रालय आदि संस्थानों के द्वारा पिछले वर्षों में प्राप्त की गई उपलब्धियां से संबंधित प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया है जिसमें उपरोक्त संस्थानों के वैज्ञानिक भी उपस्थित है। विकसित भारत के अंतर्गत भारत विभिन्न क्षेत्रों में विगत वर्षों में जितनी प्रगति कर रहा है उन सभी का प्रदर्शन संस्थान के माध्यम से तीन दिन में किया जा रहा हैं।

एग्जिबिशन के मौके पर विधायक उमेश द्विवेदी, निवर्तमान विधायक अनीता लोधी, एच आर आई टी यूनिवर्सिटी प्रो चांसलर अंजुल अग्रवाल, डीपीएस एचआरआईटी डायरेक्टर वैशाली अग्रवाल, वाइस चांसलर डी के शर्मा, प्रिंसिपल नंदिनी शेखर, डॉ अनिल त्यागी, डॉ आयु जैन, डॉ अजय कुमार मिश्रा, डॉ एम के जैन, डॉ नवनीत शर्मा, डॉ निर्दोष अग्रवाल, डॉ धर्मेंद्र कुमार, वरुण त्यागी, डॉ लल्लन त्रिपाठी, डॉ सी एन सिन्हा, डॉ अलका बंसल, राजकुमार तेवतिया, डॉ एकलव्य, डॉ आशीष कुमार, रजिस्ट्रार विनोद कुमार, जोगेश सक्सेना, महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल, योगेश शर्मा, अभिजीत, प्रतिनिधि गुलशन भांबरी, आयुष काकड़ा, अनिल सवारियां, देवेंद्र हितकारी, बल किशन गुप्ता, सौरभ यादव, धनंजय शर्मा, अभिषेक शर्मा, मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, विनीत शर्मा एवं भारतीय खाद्य निगम सदस्य एवं पूर्व सांसद मीडिया सलाहकार राहुल गोयल उपस्थित रहे।

## सेक्टर 10 राजनगर की सड़क बनने की हुई विधिवत शुरुआत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सेक्टर 10 जीडीए मार्केट के चारों तरफ और सेक्टर 10 की विभिन्न गलियों में सड़कें बनाने का कार्य शुक्रवार को शुरू किया गया। इस कार्य का शुभारंभ राज नगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डी के गोयल और पार्षद प्रवीण चौधरी द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। इस अवसर पर आरआरडब्ल्यूए कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्यागी, सेक्टर 10 एग्जीक्यूटिव मेंबर सौरभ गर्ग, राजनगर आरआरडब्ल्यूए की महिला विंग की अध्यक्ष सिमरन रंधावा, बिग स्माइल फाउंडेशन के चेयरपर्सन जितेंद्र रंधावा, ओमप्रकाश भोला, वीरेंद्र सारस्वत, के के त्यागी, डा नरेश गोयल, संजय बैंसला, अमित गर्ग, अनिल बैंसला और सेक्टर 10 के अनेक गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश के विकास के लिए हितकारी बजट : तेजपाल चौधरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय लोक दल गाजियाबाद एवं संरक्षक अखिल भारतीय उद्योग एवं व्यापार महासभा पंजीकृत तेजपाल चौधरी ने बताया कि योगी सरकार का जो बजट पेश हुआ है। यह उत्तर प्रदेश के विकास के लिए हितकर है। इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस बजट में वृद्धजन किसान ,अनुसूचित जाति, जनजाति पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन और अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए आवंटित किया है। प्रदेश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए बजट में पर्याप्त प्रावधान किया गया है, इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वह वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बधाई के पात्र हैं।

## देहात, किसान और मजदूर देश की रीढ़ : अजय प्रमुख



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हमारे देश की 70% आबादी देहात में रहती है। जब तक हम देहात को सुदृढ़ और किसान और मजदूर को मजबूत नहीं बनाएंगे तब तक देश का उचित विकास नहीं होगा। इसके बाद हाईवे के अलावा जितनी भी लिंक रोड है उनको भी 7 मीटर चौड़ा कर एक अच्छा रूप दिया जा सकता है, जिससे कि देहात का विकास होगा। हमारे मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काफी कोशिश की है कि बजट में और सुधार लाया जाए, मुख्यमंत्री के पास एक लंबा अनुभव है। लंबे समय से विभाग में अपनी सेवा दे रहे हैं। पर्यटन क्षेत्र को भी देहात के तालाबों में बढ़ावा देना चाहिए हरियाणा की तर्ज पर जिससे कि तालाबों का रखरखाव और कब्जा मुक्त रहेंगे। और प्रदेश के नगर निगम में कूड़ा निस्तारण का उचित प्रबंध होना चाहिए उसको देहात क्षेत्र में नहीं डालना चाहिए जिससे कि पर्यावरण और देहात के लोगों का जनजीवन स्वस्थ रहे।

## 15 हजार की नकदी व लाखों के गहने चोरी

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक परिवार शादी समारोह में शमिल होने गया था, इस बीच चोरों ने उनका घर खंगाल डाला और घर में रखी 15 हजार रुपए की नगदी, लाखों के सोने चांदी के जेवरात व अन्य सामान चोरी हो गया। पुलिस ने घटना की जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया हैं। भोजपुर थानान्तर्गत गांव कलछीना निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी सूचना में आरोप लगाया है कि वह अपने परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने गया था, उसकी मां, पिता व छोटे भाई की पत्नि थी। इस बीच चोरो ने मेरे कमरे की अलमारी का ताला तोड़ सोने चांदी के जेवरात सहित 15 हजार रुपए की नगदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

### सम्मान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** केंद्रीय मंत्री एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी को अपने आवास पर फूलों का गुच्छा देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रशांत चौधरी ने उनका आभारत व्यक्त किया।




### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के पूर्व भगवा कमिश्नर मिस्टर त्यागी और मिस्टर बाल्मिकी के दिल की है कुछ और ही आस? सुना है वो अपने प्रकट कर रहे थे कहीं पर दिल के जज्बात? कह रहे थे नामित वाली फाईल लंबे समय के लिए हो जाये होल्ड? तभी हमारी राजनीति का मामला होगा बोल्ड? ऐसा होने से ही मिलेगा हमें संगठन में स्थान? नहीं तो चलाना पड़ेगा हमें नामित वाली व्यवस्था से काम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही नामित वाले पैनल का मामला चला गया हो ठंडे बस्ते में? मगर अभी भी तलाशने वाले तलाश रहे हैं पैरोकारी करने वालो के नाम? कहने वाले कह रहे हैं कि एमएलसी साहब ने अपने दो चेहरों का पूरी शिद्दत से सिफारिश करके कर दिया है समाधान? वो इस लिस्ट में मिस्टर कवि और अपनी मीडिया देखने वालों को दिलाना चाहते हैं स्थान? देखना अब ये है कितना मजबूत रहेगा उनकी सिफारिश का पैगाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के कुछ मैम्बर इस वक्त एक दूसरे से प्रकट कर रहे हैं अपना हाल-ए-दिल? कह रहे हैं जो सहयोग और शब्द हमें ताकतवर वालों से मिलने चाहिए? वो हमें बिल्कुल भी नहीं रहे हैं मिल? नया चेहरा होने की वजह से हमें होना पड़ रहा है उनके गुस्से का शिकार? क्या करें हम भी पलट कर कुछ बोल सकते थे? अगर होते हम थोड़े बहुत भी एक्ट के जानकार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर अध्यक्ष पद पर हो गई गोयल साहब की ताजपोशी? तो फिर युवा मोर्चा का किस के सिर पर ताज जायेगा, ये हमें आज भी पता है साहब? इस नाम का लगा चुके हैं मोर्चे वाले कई दावेदार आभास? कह रहे हैं अगर बने मिस्टर गोयल अध्यक्ष? तो राम का नाम लेने वाले युवा त्यागी जी पहुंच जायेंगे मोर्चे वाले सिस्टम के एक झटके में निकट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के इन्दिरा जी वाले एरिया में एक कम्यूनिटी सेंटर के ग्रुप पर चल रही थी बहुत दिनों से तूफानी चर्चा? सब इस कम्यूनिटी सेंटर के बोर्ड पर कर रहे थे तीखे वाले कटाक्ष? कहने वाले ने कहा ग्रुप की बहस ने ऐसा असर दिखाया? दो दिन बाद ही सेंटर का बोर्ड हो गया मौके से साफ? कहने वाले ने कहा बोर्ड के बाद अब कम्यूनिटी सेंटर पर है ग्रुप वालों की नजर? देखते हैं आगे क्या होता है साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार वाले भगवा कमिश्नर के ग्रुप के आलोक में पूरी शिद्दत से रखा जा रहा है खास चेहरों का ही नाम? इसलिए पुराने चेहरों की एन्ट्री कर दी गई है तमाम? सुना है इस ग्रुप के आलोक में वर्तमान भगवा कमिश्नर ने पूर्व वालों का नाम भी कर दिया है साफ? नहीं लिया है उनको ग्रुप में अपने साथ? कहने वाले ने कहा कि इन्होंने तो वही किया है जो उन्होंने किया था कभी इनके साथ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जैसे ही हमने अपनी महिला मोर्चा की बहनों के देखे दिल्ली की ताकतवर मैडम के साथ फोटो? वैसे ही हमें हुआ बहुत अच्छा फील? मगर थोड़ी ही देर में हमारे दिल ने कुछ और भी एहसास कराया? बिना कुछ बोले हमको उसने समझाया? कहा बस फोटो तक ही सीमित है इन सबका मयार? मजा तो तब आये, जब वर्तमान परिस्थिति में दिल्ली वाली मैडम के साथ फोटो दिखाई दें दो-चार? कहने वाले ने कहा कार्यक्रमों में वैसे भी फोटो खिंचवाना होता है आम? मजा तो तब है जब कोई बहन दिल्ली वाली मैडम से कराकर तो दिखाये कोई काम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा रेड फेस मैन कुछ ज्यादा ही ट्रैवल कर रहे हैं आजकल, दिल को जीतने वाले विधायक जी के साथ? सुना है संगम में भी डुबकी लगायी है उन्होंने उनके साथ? कहने वाले ने कहा वैसे तो उनकी विधायक जी से दोस्ती पक्की वाली है? मगर हमें यह भी पता है कि उनके दिल में है बोर्ड मैम्बर वाले जज्बात? इसलिए उन्होंने पूरी शिद्दत से रखा है इनको थाम? बाकी का बचा हुआ करा लेंगे वो भगवा कमांडर से काम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें अच्छा लगा यह जानकर कि अग्रवाल जी की वाईफ के हैं दिल्ली वाली ताकतवर मैडम से सगे वाले रिश्ते? कहने वाले ने कहा जब सीट और सिस्टम की आती है बात तो खत्म हो जाते हैं रिश्तों वाले जज्बात? कहने वाले ने कहा हम इस व्यथा से खुद गुजरे हैं? इसलिए हम अग्रवाल जी को भी यही संदेश देना चाहते हैं कि वो खुश भले ही बहुत ज्यादा हों? मगर कोई ज्यादा उम्मीद ना पालें साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अभी तो नहीं निकल रहा है कौन बनेगा भाजपा महानगर अध्यक्ष, इस बात का तोड़? मगर यहां तो कौन बनेगा युवा मोर्चा का अध्यक्ष? इस बात पर छिड़ी हुई है होड? सुना है नदिया पार वाले युवा चौधरी कर रहे हैं इस ओर पूरा प्रयास? पता चला है प्रदेश वाले चौधरी साहब उनको देंते हैं खूब आशीष? हमने कई बार देखा है साहब? इस दौड़ में इसलिए टॉप पर नजर आ रहा है हमें युवा चौधरी का नाम? बाकी कौन बनेगा महानगर अध्यक्ष, उसके बाद ही पता चलेगा आगे का प्लान?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया के जन्मदिन पर पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। प्रशांत चौधरी ने इस पल को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।